"उपाध्याय
श्रीमद् वीरविजयजी महाराज"



जन्म स० १६०८ स्वर्गवास स० १६७५

सामान्य सूची।

सूचना।

पाठक महोदय! आप इस पुस्तक के आरंभ में जिनका फोटो देख रहे हैं वे हैं परम पूजनीय प्रातः स्मरणीय उपाध्याय श्री वीरविजयजी महाराज। आपका स्वर्गवास वि० सं० १९७५ मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी को खंभात (गुजरात) में हुआ। आपने अपने उपदेश व चारित्र के प्रभाव से जैन समाज का बड़ा भारी उपकार किया है। इस लिये आप के स्मरणार्थ कर्म विषयक यह छोटीसी किन्तु महत्त्वपूर्ण किताब प्रकाशित की जाती है। इस की छपवाई आदि में कलकत्ता श्री जैन श्वेताम्बर संघ ने आर्थिक सहायता दी है। एतदर्थ हम संघ के कृतज्ञ हैं। आगे के कर्मग्रन्थों के अनुवाद भी हो रहे हैं। इन प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों को हिन्दी भाषा में सुलभ करने की फिक्र में हैं। इस काम में विद्वान और श्रीमान के सहयोग की पूर्ण अपेक्षा है। जो धनवान इस पवित्र कार्य में अपने धन का सदुपयोग करना चाहें वे हमें सूचित करें ताकि आगे के ग्रन्थों को प्रकाशित करने में उन के धन का सदुपयोग किया जा सके।

श्री आत्मानन्द
पुस्तक प्रचारक मण्डल
रोशन मुहल्ला आगरा

आपका—
मंत्री।

वक्तव्य।

यह बन्धस्वामित्व नामक तीसरा कर्मग्रन्थ हिन्दी-अनुवाद सहित पाठकों की सेवा में उपस्थित किया जाता है। यह ग्रन्थ प्रमाण में छोटा होने पर भी विषय-दृष्टि से गंभीर और महत्त्वपूर्ण है। अगले कर्मग्रन्थ और पञ्चसंग्रह आदि आकर ग्रन्थों में प्रवेश करने के लिये जिज्ञासुओं को इस का पढ़ना आवश्यक है।

संकलन-क्रम। शुरूमें एक प्रस्तावना दी गई है जिसमें पहले ग्रन्थका विषय बतलाया है। अनन्तर मार्गणा और गुणस्थान का यथार्थ स्वरूप समझाने के लिये उन पर कुछ विचार प्रकट किये हैं तथा उन दोनों का पारस्परिक अन्तर भी दिखाया है। इस के बाद यह दिखाया है कि तीसरे कर्मग्रन्थ का पूर्व कर्मग्रन्थों के साथ क्या संबन्ध है। अनन्तर, तीसरे कर्मग्रन्थ के अभ्यास के लिये दूसरे कर्मग्रन्थ के अभ्यास की आवश्यकता जनाने के बाद प्राचीन-नवीन तीसरे कर्मग्रन्थ की तुलना की है, जिससे पाठकों को यह बोध हो कि किस में कौनसा विषय अधिक, न्यून और किस रूपमें वर्णित है। प्रस्तावना के बाद तीसरे कर्मग्रन्थ की विषय सूची दी है जिससे कि गाथा और पृष्ठवार विषय मालूम होसके। तत्पश्चात् कुछ पुस्तकों के नाम दिये हैं जिन से अनुवाद, टिप्पणी आदि में सहायता ली गई है।

सूचना।

पाठक महोदय! आप इस पुस्तक के आरंभ में जिनका फोटो देख रहे हैं वे हैं परम पूजनीय प्रातः स्मरणीय उपाध्याय श्री वीरविजयजी महाराज। आपका स्वर्गवास वि० सं० १९७५ मार्गशीर्ष कृष्णा अष्टमी को खम्भात (गुजरात) में हुआ। आपने अपने उपदेश व चारित्र के प्रभाव से जैन समाज का बड़ा भारी उपकार किया है। इस लिये आप के स्मरणार्थ कर्म विषयक यह छोटीसी किन्तु महत्त्वपूर्ण किताब प्रकाशित की जाती है। इस की छपवाई आदि में कलकत्ता श्री जैन श्वेताम्बर संघ ने आर्थिक सहायता दी है। एतदर्थ हम संघ के कृतज्ञ हैं। आगे के कर्मग्रन्थों के अनुवाद भी हो रहे हैं। हम प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों को हिन्दी भाषा में सुलभ करने की फिक्र में हैं। इस काम में विद्वान और श्रीमान् के सहयोग की पूर्ण अपेक्षा है। जो धनवान इस पवित्र कार्य में अपने धन का सदुपयोग करना चाहें वे हमें सूचित करें ताकि आगे के ग्रन्थों को प्रकाशित करने में उन के धन का सदुपयोग किया जा सके।

श्री आत्मानन्द
पुस्तक प्रचारक मण्डल
रोशन मुहल्ला आगरा

आपका—
मन्त्री।

वक्तव्य।

यह बन्धस्वामित्व नामक तीसरा कर्मग्रन्थ हिन्दी-अनुवाद सहित पाठकों की सेवा में उपस्थित किया जाता है। यह ग्रन्थ प्रमाण में छोटा होने पर भी विषय-दृष्टि से गंभीर और महत्त्वपूर्ण है। अगले कर्मग्रन्थ और पञ्चसंग्रह आदि आकर ग्रन्थों में प्रवेश करने के लिये जिज्ञासुओं को इस का पढ़ना आवश्यक है।

सकलन-क्रम। शुरूमें एक प्रस्तावना दी गई है जिसमें पहले ग्रन्थका विषय बतलाया है। अनन्तर मार्गणा और गुणस्थान का यथार्थ स्वरूप समझाने के लिये उन पर कुछ विचार प्रकट किये हैं तथा उन दोनों का पारस्परिक अन्तर भी दिखाया है। इस के बाद यह दिखाया है कि तीसरे कर्मग्रन्थ का पूर्व कर्मग्रन्थों के साथ क्या सबन्ध है। अनन्तर, तीसरे कर्मग्रन्थ के अभ्यास के लिये दूसरे कर्मग्रन्थ के अभ्यास की आवश्यकता जनाने के बाद प्राचीन-नवीन तीसरे कर्मग्रन्थ की तुलना की है, जिससे पाठकों को यह बोध हो कि किस में कौनसा विषय अधिक, न्यून और किस रूपमें वर्णित है। प्रस्तावना के बाद तीसरे कर्मग्रन्थ की विषय सूची दी है जिससे कि गाथा और पृष्ठवार विषय मालूम होसके। तत्पश्चात् कुछ पुस्तकों के नाम दिये हैं जिन से अनुवाद, टिप्पणी आदि में सहायता ली गई है।

इसके बाद अनुवाद–सहित मूल ग्रन्थ है। इसमें मूल गाथा के नीचे छाया है जो संस्कृत जानने वालों के लिये विशेष उपयोगी है। छाया के नीचे गाथा का सामान्य अर्थ लिख कर उसका विस्तार से भावार्थ लिखा गया है। पढ़ने वालों की सुगमता के लिये भावार्थ में यन्त्र भी यथास्थान दाखिल किये हैं। बीच बीच में जो जो विषय विचारास्पद, विवादास्पद, या सन्देहास्पद आया है उस पर टिप्पणी में अलग ही विचार किया है जिससे विशेषदर्शियों को देखने व विचारने का अवसर मिले और साधारण अभ्यासियों को मूल ग्रन्थ पढ़ने में कठिनता न हो। जहां तक हो सका, टिप्पणी आदि में विचार करते समय प्रामाणिक ग्रन्थों का हवाला दिया है और जगह २ दिगम्बर ग्रन्थों की समति–विमति भी दिखाई है।

अनुवादके बाद तीन परिशिष्ट हैं। परिशिष्ट (क) के पहले भाग में गोम्मटसार के खास स्थलों का गाथावार निर्देश किया है जिससे अभ्यासियों को यह मालूम हो कि तीसरे कर्मग्रन्थ के साथ सम्बन्ध रखने वाले कितने स्थल गोम्मटसार में हैं और इस के लिये उसका कितना २ हिस्सा देखना चाहिये। दूसरे भागमें श्वेताम्बर दिगम्बर शास्त्र के समान असमान कुछ सिद्धान्तों का उल्लेख इस आशय से किया है कि दोनों सम्प्रदाय का तात्त्विक विषय में कितना और किस किस बात में साम्य और वैषम्य

है। प्रत्येक सिद्धान्त का संक्षेप में उल्लेख करके साथ ही उस उस टिप्पणी के पृष्ठ का नम्बर सूचित किया है जिसमें उस सिद्धान्त पर विशेष विचार किया है। तीसरे भाग में इस कर्मग्रन्थ के साथ सम्बन्ध रखने वाली पञ्चसंग्रह की कुछ बातों का उल्लेख है। परिशिष्ट (ख) में मूल गाथा के प्राकृत शब्दों का संस्कृत छाया तथा हिन्दी-अर्थ सहित कोष है। परिशिष्ट (ग) में अभ्यासिओं के सुभीते के लिये केवल मूल गाथाएँ दी हैं।

अनुवाद में कोई भी विषय शास्त्र विरुद्ध न आ जाय इस बात की ओर पूरा ध्यान दिया गया है। कहीं कहीं पूर्वापर विरोध मिटाने के लिये अन्य प्रमाण के अभाव में अपनी सम्मति प्रदर्शित की है। क्या, छोटे क्या बड़े, सब प्रकार के अभ्यासिओं के सुभीते के लिये अनुवाद का सरल पर महत्वपूर्ण विषय से अलङ्कृत करने की यथासाध्य कोशिश की है। तिस पर भी अज्ञात भाव से जो कुछ त्रुटि रह गई हो उसे उदार पाठक सशोधित कर लेवें और हमें सूचना देने की कृपा करें ताकि दूसरी आवृत्ति में सुधार हो जाय।

निवेदक—वीरपुत्र।

प्रस्तावना

विषय—मार्गणाओं में गुणस्थानों को लेकर बन्ध-स्वामित्व का वर्णन इस कर्मग्रन्थ में किया है, अर्थात् किस किस मार्गणा में कितने कितने गुणस्थानों का सभव है और प्रत्येक-मार्गणा-वर्ती जीवों की सामान्य रूप से तथा गुणस्थान के विभागानुसार कर्म-बन्ध-सम्बन्धिनी कितनी योग्यता है इस का वर्णन प्रस्तुत ग्रन्थ में किया है।

मार्गणा, गुणस्थान और उन का पारस्परिक अन्तर।

(क) मार्गणा—ससार में जीव-राशि अनत है। सब जीवों के बाह्य और आतरिक जीवन की बनावट में जुदाई है। क्या डिल-डौल, क्या इन्द्रिय-रचना, क्या रूप-रग, क्या चाल-ढाल, क्या विचार शक्ति, क्या मनो बल, क्या विकारजन्य भाव, क्या चारित्र, सब विषयों में जीव एक दूसरे से भिन्न हैं। यह भेद विस्तार कर्मजन्य—औदयिक, औपशमिक, क्षायोपशमिक, और क्षायिक—भावों पर तथा सहज पारिणामिक भाव पर अवलम्बित है। भिन्नता की गहराई इतनी ज्यादा है कि इस से सारा जगत् आप ही अजायबघर बना हुआ है। इन अनन्त भिन्नताओं को ज्ञानियों ने सक्षेप में चौदह विभागों में विभाजित किया है। चौदह विभागों के भी अवान्तर विभाग

न किसी प्रकार से पाइ जाती हैं—सभी ससारी जीव एक ही समय में प्रत्येक मार्गणा मे वर्तमान पाये जाते हैं। इस से उलटा गुणस्थान एक समय में एक जीव में एक ही पाया जाता है—एक समय मे सब जीव किसी एक गुणस्थान के अधिकारी नहीं बन सकते, किन्तु उन का कुछ भाग ही एक समय में एक गुणस्थान का अधिकारी होता है। इसी बात को यों भी कह सकते हैं कि एक जीव एक समय मे किसी एक गुणस्थान में हा वर्तमान होता है परन्तु एक ही जीव एक समय म चौदहों मार्गणाओं म वर्तमान होता है।

पूर्व पूर्व गुणस्थान को छोड कर उत्तरोत्तर गुणस्थान को प्राप्त करना आध्यात्मिक विकास को बढाना है, परन्तु पूर्व पूर्व मार्गणा को छोड कर उत्तरोत्तर मार्गणा न तो प्राप्त ही की जा सकती है और न इस से आध्यात्मिक विकास ही सिद्ध होता है। विकास की तेरहवीं भूमिका तक पहुँचे हुये-कैवल्य प्राप्त—जीव म भी कषाय के सिवाय सब मार्गणाएँ पायी जाती हैं पर गुणस्थान केवल तेरहवाँ पाया जाता है। अन्तिम भूमिका-प्राप्त जीव में भी तीन चार को छोड सब मार्गणाएँ होती हैं जो कि विकास की बाधक नहीं हैं, किन्तु गुणस्थान उस में केवल चौदहवाँ होता है।

पिछले कर्मग्रन्थों के साथ तीसरे कर्मग्रन्थ की सगति—दु ख हेय है क्योंकि उसे कोइ भी नहीं चाहता। दु ख का सर्वथा

नाश तभी हो सकता है जब कि उस के असली कारण का नाश किया जाय। दु ख की असली जड है कर्म (वासना) । इसलिए उस का विशेष परिज्ञान सब को करना चाहिये, क्योंकि कर्म का परिज्ञान विना किये न तो कर्म से छुटकारा पाया जा सकता है और न दु ख से। इसी कारण पहले कर्मग्रन्थ में कर्म के स्वरूप का तथा उस के प्रकारों का बुद्धिगम्य वर्णन किया है।

कर्म के स्वरूप और प्रकारों को जानने के बाद यह प्रश्न होता है कि क्या कदाग्रहि-सत्याग्रही, अजितेन्द्रिय जितेन्द्रिय, अशान्त शान्त और चपल स्थिर सब प्रकार के जीव अपने अपने मानस क्षेत्र में कर्म के बीज को बराबर परिमाण में ही सग्रह करते और उनके फल को चखते रहते हैं या न्यूनाधिक परिमाण में ? इस प्रश्न का उत्तर दूसरे कर्मग्रन्थ में दिया गया है। गुणस्थान के अनुसार प्राणिवर्ग के चौदह विभाग कर के प्रत्येक विभाग की कर्म-विषयक बन्ध-उदय-उदीरणा-सत्ता-सम्बन्धिनी योग्यता का वर्णन किया गया है। जिस प्रकार प्रत्येक गुणस्थानवाले अनेक शरीरधारियों की कर्म-बन्ध-आदि-सम्बन्धिनी योग्यता दूसरे कर्मग्रन्थ के द्वारा मालूम की जाती है इसी प्रकार एक शरीरधारी की कर्म बन्ध-आदि सम्बन्धिनी योग्यता, जो भिन्न भिन्न समय में आध्यात्मिक उत्कर्ष तथा अपकर्ष के अनुसार बदलती रहती है उस का ज्ञान भी उस क

तीसरे कर्मग्रन्थ की विषय-सूची

अनुवाद में प्रमाणरूपसे निर्दिष्ट पुस्तकें

भगवती सूत्र ।
उत्तराध्ययन सूत्र । (आगमोदय समिति, सुरत)
औपपातिक सूत्र । (आगमोदय समिति, सुरत) ।
आचारांग निर्युक्ति ।
तत्वार्थ भाष्य ।
पञ्चसंग्रह ।
चन्द्रीय संग्रहणी ।
चौथा नवीन कर्मग्रन्थ ।
प्राचीन बन्ध स्वामित्व (प्राचीन तीसरा कर्मग्रन्थ) ।
लोकप्रकाश ।
जीवविजयजी-टबा ।
जयसोमसूरि-टबा ।
सर्वार्थसिद्धि टीका (पूज्यपादस्वामि-कृत) ।
गोम्मटसार--जीवकाण्ड तथा कर्मकाण्ड ।
पातञ्जल योगसूत्र ।
योगवासिष्ठ ।

श्री देवेन्द्रसूरि विरचित

बन्धस्वामित्व नामक तीसरा कर्मग्रन्थ।

(हिन्दी-भाषानुवाद-सहित।)

" मंगल और विषय कथन। "

बन्धविहाणविमुक्कं, वन्दिय सिरिवद्धमाणजिणचन्दं।
गइयाईसु वुच्छं, समासओ बंधसामित्तं ॥ १ ॥

बन्धविधानविमुक्तं वन्दित्वा श्रीवर्धमानजिनचन्द्रम्।
गत्यादिषु वक्ष्ये समासतो बन्धस्वामित्वम् ॥ १ ॥

अर्थ—भगवान् वीरजिनेश्वर जो चन्द्र के समान सौम्य हैं, तथा जो कर्म बन्ध के विधान से निवृत्त हैं—कर्म को नहीं बाँधते—उन्हें नमस्कार करके गति आदि प्रत्येक मार्गणा में वर्तमान जीवों के बन्धस्वामित्व को मैं संक्षेप से कहूँगा ॥ १ ॥

भावार्थ।

बन्ध— *मिथ्यात्व आदि हेतुओं से आत्मा के प्रदेशों के साथ कर्म-योग्य परमाणुओं का जो सम्बन्ध, उसे बन्ध कहते हैं।

* देखो चौथे कर्मग्रन्थ की ५० वीं गाथा

अनुवाद में प्रमाणरूपसे निर्दिष्ट पुस्तकें।

भगवती सूत्र।
उत्तराध्ययन सूत्र। (आगमोदय समिति, सुरत)।
औपपातिक सूत्र। (आगमोदय समिति, सुरत)।
आचारांग निर्युक्ति।
तत्त्वार्थ भाष्य।
पञ्चसंग्रह।
चन्द्राय संग्रहणी।
चौथा नवीन कर्मग्रन्थ।
प्राचीन बन्ध-स्वामित्व (प्राचीन तीसरा कर्मग्रन्थ)।
लोकप्रकाश।
जीवविजयजी-टबा।
जयसोमसूरि-टबा।
सर्वार्थसिद्धि टीका (पूज्यपादस्वामि-कृत)।
गोम्मटसार-जीवकाण्ड तथा कर्मकाण्ड।
पातञ्जल योगसूत्र।
योगवासिष्ठ।

"सकेत के लिये उपयोगी प्रकृतियों का
दो गाथाओं में संग्रह।"

जिणसुर विउवाहार दु देवाउय नरयसुहुम विगलतिगं।
एगिंदिथावरायव-नपुमिच्छं हुंडछेवट्ठं ॥ २ ॥

जिनसुरवैक्रियाहारकद्विकदेवायुष्क नरकसूक्ष्मविकलत्रिकम्।
एकेन्द्रियस्थावरातप नपुंमिथ्याहुण्डसेवातम् ॥ २ ॥

अणमज्झागिइ संघय-ण कुखग नियइत्थिदुहग थीणतिगं
उज्जोयतिरिदुगं तिरि नराउनरउरलदुगरिसहं ॥ ३ ॥

अनमध्याकृतिसंहनन कुखग नीचस्त्रीदुर्भग स्त्यानर्द्धित्रिकम्।
उद्योततिर्यग्द्विक तिर्यग्नरायुर्नरौदारिक द्विक ऋषभम् ॥ ३ ॥

अर्थ—जिननामकर्म (१), देव द्विक—देवगति, देव आनुपूर्वी—(३), वैक्रिय-द्विक—वैक्रियशरीर, वैक्रियअंगोपांग—(५), आहारकद्विक—आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग—(७), देवआयु (८), नरकत्रिक—नरकगति, नरकआनुपूर्वी, नरक आयु—(११), सूक्ष्मत्रिक—सूक्ष्म, अपर्याप्त, और साधारण नामकर्म—(१४) विकलत्रिक—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय—(१७), एकेन्द्रियजाति (१८), स्थावरनामकर्म (१९), आतपनामकर्म (२०), नपुंसकवेद (२१), मिथ्यात्व (२२), हुण्डसंस्थान (२३), सेवार्तसंहनन (२४) ॥ २ ॥ अनन्तानुबन्धिचतुष्क—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ

मार्गणा—गति आदि जिन अवस्थाओं को लेकर जीव में गुणस्थान, जीवस्थान आदि की मार्गणा-विचारणा-की जाती है उन अवस्थाओं को मार्गणा कहते हैं।

मार्गणाओं के मूल *भेद १४ और उत्तर भेद ६२ हैं जैसे—पहली गतिमार्गणा के ४, दूसरी इन्द्रियमार्गणा के ५, तीसरी कायमार्गणा के ६, चौथी योगमार्गणा के ३, पाँचवीं वेदमार्गणा के ३, छट्ठी कषायमार्गणा के ४, सातवीं ज्ञानमार्गणा के ८, आठवीं संयममार्गणा के ७, नववीं दर्शनमार्गणा के ४, दसवीं लेश्यामार्गणा के ६, ग्यारहवीं भव्यमार्गणा के २, बारहवीं सम्यक्त्वमार्गणा के ६, तेरहवीं संज्ञिमार्गणा के २, और चौदहवीं आहारकमार्गणा के २ भेद हैं। कुल ६२ +भेद हुए।

बन्धस्वामित्व—कर्मबन्ध की योग्यता को 'बन्धस्वामित्व' कहते हैं। जो जीव जितने कर्मों को बाँध सकता है वह उतने कर्मों के बन्ध का स्वामी कहलाता है॥ १॥

---

* "गइ इंदिए य काये जोए वेए कसाय नाणे य।
संजम दंसण लेसा भवसम्मे सन्नि आहारे॥ ६॥
(चौथा कर्मग्रन्थ)

\+ इन का विशेष स्वरूप जानने के लिए चौथा कर्मग्रन्थ को पुस्तक से गाथा १० से ४ में देखो।

"संकेत के लिये उपयोगी प्रकृतियों का
दो गाथाओं में संग्रह।"

जिणसुर विउवाहार दु देवाउय नरयसुहुम विगलतिग।
एगिंदिथावरायव-नपुमिच्छं हुंडछेवट्ठं ॥ २ ॥

जिनसुरवैक्रियाहारकद्विकदेवायुष्क नरकसूक्ष्मविकलत्रिकम्।
एकेन्द्रियस्थावरातप नपुंमिथ्याहुण्डसेवार्तम् ॥ २ ॥

अणमज्झागिइ संघय-ण कुखग नियइत्थिदुहग थीणतिग
उज्जोयतिरिदुग तिरि नराउनरउरलदुगरिसहं ॥ ३ ॥

अनमध्याकृतिसंहनन कुखग नीचस्त्रीदुर्भग स्त्यानर्द्धित्रिकम्।
उद्योततिर्यग्द्विक तिर्यग्नरायुर्नरौदारिक द्विक ऋषभम् ॥ ३ ॥

अर्थ—जिननामकर्म (१), देव द्विक—देवगति, देव आनुपूर्वी-(३), वैक्रिय-द्विक—वैक्रियशरीर, वैक्रियअंगोपांग-(५), आहारकद्विक—आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग-(७), देवआयु (८), नरकत्रिक—नरकगति, नरकआनुपूर्वी, नरक-आयु-(११), सूक्ष्मत्रिक—सूक्ष्म, अपर्याप्त, और साधारण-नामकर्म-(१४) विकलत्रिक—द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय-(१७), एकेन्द्रियजाति (१८), स्थावरनामकर्म (१९), आतपनामकर्म (२०), नपुंसकवेद (२१), मिथ्यात्व (२२), हुण्डसंस्थान (२३), सेवार्तसंहनन (२४) ॥ २ ॥ अनन्तानुबन्धि चतुष्क—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान माया और लोभ

(३८), मध्यमसमस्थान चतुष्क—न्यग्रोधपरिमण्डल, सादि, वामन, कुब्ज—(३२), मध्यमसंहनन-चतुष्क—ऋषभनाराच, नाराच, अर्धनाराच, कीलिका—(३६), अशुभविहायोगति(३७), नीचगोत्र (३८), असातवेद (३९), दुर्भग त्रिक—दुर्भग, दुःस्वर, अनादेयनामकर्म—(४२), स्त्यानर्द्धि त्रिक—निद्रानिद्रा, प्रचला प्रचला, स्त्यानर्द्धि—(४५), उद्योतनामकर्म (४६), तिर्यञ्च द्विक—तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चआनुपूर्वी—(४८), तिर्यञ्चआयु (४९), मनुष्य आयु, (५०), मनुष्य द्विक—मनुष्यगति, मनुष्यआनुपूर्वी—(५२), औदारिक द्विक—औदारिक शरीर, औदारिक अङ्गोपाङ्ग—(५४), और वज्रऋषभनाराचसंहनन(५५)। इस प्रकार ५५ प्रकृतियाँ हुईं ॥ ३ ॥

भावार्थ—उक्त ५५ कर्म प्रकृतियों का विशेष उपयोग इस कर्म-ग्रन्थ में संकेत के लिये है। वह संकेत इस प्रकार है—

किसी अभिनव प्रकृति के आगे जिस संख्या का कथन किया हो, उस प्रकृति से लेकर उतनी प्रकृतियों का ग्रहण उक्त ५५ कर्म प्रकृतियों में से किया जाता है। उदाहरणार्थ—'सुरएकोनविंशति' यह संकेत देवद्विक से लेकर आतप पर्यन्त १९ प्रकृतियों का बोधक है ॥ २ ॥ ॥३ ॥

"चौदह मार्गणाओं में से गतिमार्गणा को लेकर नरक गति का बन्धस्वामित्व चार गाथाओं से कहते हैं—"

सुरइगुणवीसवज्ज, इगसउ ओहेण बधहिं निरया।
तित्थ विणा मिच्छि सय, सासणि नपु-चउ विणा छनुई ॥४॥
सुरैकोनविंशतिवर्जमेकशतमोघेन बध्नन्ति निरयाः।
तीर्थविनामिथ्यात्वेशत सास्वादने नपुंसकचतुष्कं विनाषण्णवति ॥४॥

अर्थ—नारक जीव, बन्धयोग्य १२० कर्म प्रकृतियों में से १०१ कर्म प्रकृतियों को सामान्यरूप से बाँधते हैं, क्योंकि वे सुरद्विक से लेकर आतपनामकर्म पर्यन्त १९ प्रकृतियों को नहीं बाँधते। पहले गुणस्थान में वर्त्तमान नारक १०१ में से तीर्थंकर नामकर्म को छोड़ शेष १०० प्रकृतियों को बाँधते हैं।

दूसरे गुणस्थान में वर्तमान नारक, नपुंसक आदि ४ प्रकृतियों को छोड़ कर उक्त १०० में से शेष ९६ प्रकृतियों को बाँधते हैं॥ ४॥

भावार्थ।

ओघबन्ध—किसी खास गुणस्थान या खास नरक की विवक्षा किये विना ही सब नारक जीवों का जो बन्ध कहा जाता है वह उनका 'सामान्य-बन्ध' या 'ओघ-बन्ध' कहलाता है।

विशेषबन्ध—किसी खास गुणस्थान या किसी खास नरक को लेकर नारकों में जो बन्ध कहा जाता है वह उनका 'विशेष बन्ध' कहलाता है। जैसे यह कहना कि मिथ्यात्वगुणस्थानवर्ती नारक १०० प्रकृतिया को बाँधते हैं इत्यादि।

इस तरह आगे अन्य मार्गणाओं में भी सामान्यबन्ध और विशेषबन्ध का मतलब समझ लेना।

नरकगति में सुरद्विक आदि १६ प्रकृतियों का बन्ध नहीं होता, क्योंकि जिन स्थानों में उक्त १६ प्रकृतियों का उदय होता है नारक जीव नरकगति में से निकल कर उन स्थानों में नहीं उपजते। वे उदय स्थान इस प्रकार हैं ——

वैक्रियद्विक, नरकत्रिक, देवत्रिक—इनका उदय देव तथा नारक का होता है। सूक्ष्म नामकर्म सूक्ष्मएकेन्द्रिय में, अपर्याप्त नामकर्म अपर्याप्त तिर्यंच मनुष्य में, साधारण नामकर्म साधारण वनस्पति में, एकेन्द्रिय, स्थावर और आतप नामकर्म एकेन्द्रिय में और विकलत्रिक द्वीन्द्रिय आदि में उदयमान होते हैं। तथा आहारक द्विक का उदय चारित्रसम्पन्न लब्धि-धारी मुनि को होता है।

सम्यक्त्वी ही तीर्थंकर नाम कर्म के
इसलिये मिथ्यात्वी नारक उसे बाँध नहीं

नपुंसक, मिथ्यात्व, हुण्ड और सेवार्त इन ४ प्रकृतियों का सास्वादन गुणस्थानवाले नारक जीव बाँध नहीं सकते, क्योंकि उनका बन्ध मिथ्यात्व के उदय काल में होता है, पर मिथ्यात्व का उदय सास्वादन के समय नहीं होता ॥ ४ ॥

विणु अण-छवीस मीसे, बिसयरि सम्मम्मि जिणनराउजुया।
इय रयणाइसु भंगो, पंकाइसु तित्थयरहीणो ॥ ५ ॥

विनाऽनषड्विंशति मिश्रे द्वासप्तति सम्यक्त्वे जिननरायुर्युता।
इति रत्नादिषु भङ्गः पङ्कादिषु तीर्थकरहीन ॥ ५ ॥

अर्थ—तीसरे गुणस्थान में वर्तमान नारक जीव ७० प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि पूर्वोक्त ९६ में से अनन्तानुबन्धि-चतुष्क से लेकर मनुष्य-आयु-पर्यन्त २६ प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते। चौथे गुणस्थान में वर्तमान नारक उक्त ७० तथा जिन नामकर्म और मनुष्य आयु, इन ७२ प्रकृतियों को बाँधते हैं। इस प्रकार नरकगति का यही सामान्य बन्ध विधि रत्नप्रभा आदि तीन नरकों के नारकों को चारों गुणस्थानोंमें लागू पड़ता है। पंकप्रभा आदि तीन नरकों में भी तीर्थंकर नामकर्म के सिवाय यही सामान्य बन्ध विधि समझना चाहिये ॥ ५ ॥

विशेषबन्ध—किसी खास गुणस्थान या किसी खास नरक को लेकर नारकों में जो बन्ध कहा जाता है वह उनका 'विशेष बन्ध' कहलाता है। जैसे यह कहना कि मिथ्यात्वगुणस्थानवर्ती नारक १०० प्रकृतियों को बाँधते हैं इत्यादि।

इस तरह आगे अन्य मार्गणाओं में भी सामान्यबन्ध और विशेषबन्ध का मतलब समझ लेना।

नरकगति में सुरद्विक आदि १६ प्रकृतियों का बन्ध नहीं होता, क्योंकि जिन स्थानों में इन १६ प्रकृतियों का उदय होता है नारक जीव नरकगति में से निकल कर उन स्थानों में नहीं उपजते। वे उदय स्थान इस प्रकार हैं:—

वैक्रियद्विक, नरकत्रिक, देवत्रिक—इनका उदय देव तथा नारक को होता है। सूक्ष्म नामकर्म सूक्ष्मएकेन्द्रिय में, अपर्याप्त नामकर्म अपर्याप्त तिर्यंच मनुष्य में, साधारण नामकर्म साधारण वनस्पति में, एकेन्द्रिय, स्थावर और आतप नामकर्म एकेन्द्रिय में और विकलत्रिक द्वीन्द्रिय आदि में उदयमान होते हैं। तथा आहारक द्विक का उदय चारित्रसम्पन्न लब्धि धारी मुनि को होता है।

सम्यक्त्वी ही तीर्थंकर नाम कर्म के बन्ध के अधिकारी हैं, इसलिये मिथ्यात्वी नारक इसे बाँध नहीं सकते।

...न्य नरक का तथा रत्नप्रभादि नरकत्रय का बन्धस्वामित्व-यन्त्र।

गुणस्थानों के नाम	बन्ध प्रकृतियाँ[1]	अबन्ध प्रकृतियाँ[2]	विच्छेद प्रकृतियाँ[3]	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१०१	१९	१	५	९	२	२६	२	५०	२	५	७८
मिथ्यात्व में	१००	२०	४	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७८
सास्वादन में	९६	२४	२५	५	९	२	२४	२	४७	२	५	७८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७२	४८	०	५	६	२	१९	१	३३	१	५	७८

१ बांधने योग्य २ नहीं बांधने योग्य ३ बंध विच्छेद योग्य। अबन्ध और बंधविच्छेद में अन्तर यह है कि किसी विवक्षित गुणस्थान की अबन्ध प्रकृतियाँ वे हैं जिनका बंध उस गुणस्थान में नहीं होता जैसे– नरकगति में मिथ्यात्व गुणस्थान में २० प्रकृतियाँ अबन्ध हैं। परन्तु विवक्षित गुणस्थान की बन्ध विच्छेद

भावार्थ—पङ्कप्रभा आदि तीन नरकों का क्षेत्रस्वभाव ही ऐसा है कि जिससे उनमें रहने वाले नारक जीव सम्यक्त्वी होने पर भी तीर्थंकर नामकर्म को बाँध नहीं सकते। इसलिये उनका सामान्यरूप से तथा विशेषरूप से-पहले गुणस्थान में १०१ प्रकृतियों का, दूसरे में ९६, तीसरे में ७० और चौथे में ७१ का बन्ध है ॥ ५ ॥

अजिणमणुआउ ओहे, सत्तमिए नरदुगुच्च विणु मिच्छे।
इगनवई सासाणे, तिरिआउ नपुंसचउवज्जं ॥ ६ ॥

अजिनमनुजायुरोघे सप्तम्यां नरद्विकोच्चं विना मिथ्यात्वे ।
एकनवतिस्सासादने तिर्यगायुर्नपुंसकचतुष्कवर्जम् ॥ ६ ॥

अर्थ—सातवें नरक के नारक, सामान्यरूप से ९९ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि नरकगति की सामान्य-बन्ध योग्य १०१ प्रकृतियों में से जिन नामकर्म तथा मनुष्य आयु को वे नहीं बाँधते। उसी नरक के मिथ्यात्वी नारक, उन ९९ में से मनुष्य गति, मनुष्य आनुपूर्वी तथा उच्चगोत्र को छोड़, ९६ प्रकृतियों को बाँधते हैं। और सास्वादन गुणस्थान वर्ती नारक ९१ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि उक्त, ९६ में से तिर्यञ्चआयु, नपुंसकवेद, मिथ्यात्व, हुण्डसंस्थान और सेवार्त-संहनन, इन ५ प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते ॥ ६ ॥

सामान्य नरक का तथा रत्नप्रभादि नरक त्रय का बन्धस्वामित्व-यन्त्र ।

गुणस्थानों के नाम	[1] बन्ध प्रकृतियां	[2] अबन्ध प्रकृतियां	[3] बन्धविच्छेद प्रकृतियां	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियां
ओघ से	१०१	१९	१	५	९	२	२६	२	५०	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	१००	२०	४	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७ ८
सास्वादन में	९६	२४	२६	५	९	२	२४	२	४७	२	५	७ ८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७२	४८	०	५	६	२	१९	१	३३	१	५	७ ८

१ बांधने योग्य २ नहीं बांधने योग्य ३ बंध विच्छेद योग्य अबन्ध और बंधविच्छेद में अन्तर यह है कि किसी विवक्षित गुणस्थान की अबन्ध प्रकृतियाँ वे हैं जिनका बंध उस गुणस्थान में नहीं होता जैसे—नरकगति में मिथ्यात्व गुणस्थान में २० प्रकृतियाँ अबन्ध हैं। परन्तु विवक्षित गुणस्थान की बन्ध विच्छेद

…प्रभा आदि नरक त्रय का बन्धस्वामित्व यन्त्र।

गुणस्थानों के नाम	बन्ध्य प्रकृतियाँ	अबन्ध्य प्रकृतियाँ	बन्ध विच्छेद्य प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	पिंड प्रकृतियाँ
ओघ से	१००	२०	०	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७८
मिथ्यात्व में	१००	२०	४	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७८
सास्वादन में	९६	२४	२६	५	९	२	२४	२	४७	२	५	७८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७१	४९	०	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७८

याँ वे हैं जो उस गुणस्थान में बाँधी जाती हैं पर आगके गुणस्थान में नहीं बाँधी जातीं। नरक-गति में मिथ्यात्व गुणस्थान की बन्ध-विच्छेद्य प्रकृतियाँ चार हैं। इसका मतलब यह है कि उन का बन्ध मिथ्यात्व गुणस्थान में सा होता है पर आगे के गुणस्थान में नहीं…

अणचउवीसविरहिया, सनरदुगुच्चा य सयरि मीसदुगे।
सतरसउ ओहि मिच्छे, पज्जतिरिया विणु जिणाहार ॥७॥

अनचतुर्विंशतिविरहिता सनराद्विकोच्चा च सप्ततिर्मिश्रद्विके।
सप्तदशशतमोघे मिथ्यात्वे पर्याप्ततिर्यंचो विना जिनाहारम् ॥७॥

अर्थ—पूर्वोक्त ९१ में से अनन्तानुबन्धि-चतुष्क से लेकर तिर्यञ्च द्विक-पर्यन्त २४ प्रकृतियों को निकाल देने पर शेष ६७ प्रकृतियाँ रहती हैं। इनमें मनुष्यगति, मनुष्यआनुपूर्वी तथा उच्चगोत्र-तीन प्रकृतियों को मिलाने से कुल ७० प्रकृतियाँ होती हैं। इनको तीसरे तथा चौथे गुणस्थान में वर्तमान सातवें नरक के नारक बाधते हैं। (तिर्यञ्चगति का बन्धस्वामित्व) पर्याप्त तिर्यञ्च सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में ११७ प्रकृतियों को बाधते हैं, क्योंकि जिननामकर्म तथा आहारक द्विक इन तीन प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते ॥ ७ ॥

भावार्थ—पूर्व पूर्व नरक से उत्तर उत्तर नरक में अध्यवसायों की शुद्धि इतनी कम हो जाती है कि मनुष्य-द्विक तथा उच्चगोत्ररूप जिन पुण्यप्रकृतियों के बन्धक परिणाम पहले नरक के मिथ्यात्वी नारकों को हो सकते हैं उनके बन्ध योग्य परिणाम सातवें नरक में तीसरे, चौथे गुणस्थान के सिवाय अन्य गुणस्थान में असम्भव हैं। सातवें नरक में उत्कृष्ट विशुद्ध परिणाम वे ही हैं जिनसे कि उक्त तीन प्रकृतियों का बन्ध किया

... आदि नरक त्रय का बन्धस्वामित्व यन्त्र ।

गुणस्थानों के नाम	बन्ध प्रकृतियाँ	अबन्ध प्रकृतियाँ	बन्ध विच्छिन्न प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१००	२०	०	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	१००	२०	४	५	९	२	२६	२	४९	२	५	७ ८
सास्वादन में	९६	२४	२६	५	९	२	२४	१	४७	२	५	७ ८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७१	४९	०	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८

प्रकृतियाँ वे हैं जो उस गुणस्थान में बाँधी जाती हैं पर आगे के गुणस्थान में नहीं बाँधी जातीं जैसे— नरकगति में मिथ्यात्व गुणस्थान की बन्ध-विच्छिन्न प्रकृतियाँ चार हैं। इसका मतलब यह है कि उन प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यात्व गुणस्थान में तो होता है पर आगे के गुणस्थान में नहीं।

णचउवीसविरहिया, सनरदुगुच्चा य सयरि मीसदुगे।
तरसउ ओहि मिच्छे, पज्जतिरिया विणु जिणाहार ॥७॥

अनचतुर्विंशतिविरहिता सनरद्विकोच्चा च सप्ततिमिश्रद्विके।
रप्तदशशतमोघे मिथ्यात्वे पर्याप्ततिर्यंचो विना जिनाहारम् ॥७॥

अर्थ—पूर्वोक्त ६१ में से अनन्तानुबन्धि चतुष्क से लेकर तिर्यञ्च द्विक-पर्यन्त २४ प्रकृतियों को निकाल देने पर शेष ६७ प्रकृतियाँ रहती हैं। इनमें मनुष्यगति, मनुष्यआनुपूर्वी तथा उच्चगोत्र तीन प्रकृतियों को मिलाने से कुल ७० प्रकृतियाँ होती हैं। इनको तीसरे तथा चौथे गुणस्थान में वर्तमान सातवें नरक के नारक बाधते हैं। (तिर्यञ्चगति का बन्धस्वामित्व) पर्याप्त तिर्यञ्च सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में ११७ प्रकृतियों को बाधते हैं, क्योंकि जिननामकर्म तथा आहारक द्विक इन तीन प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते ॥ ७ ॥

भावार्थ—पूर्व पूर्व नरक से उत्तर उत्तर नरक में अध्यवसायों की शुद्धि इतनी कम हो जाती है कि मनुष्य द्विक तथा उच्चगोत्ररूप जिन पुण्यप्रकृतियों के बन्धक परिणाम पहले नरक के मिथ्यात्वी नारकों को हो सकते हैं उनके बन्ध योग्य परिणाम सातवें नरक में तीसरे, चौथे गुणस्थान के सिवाय अन्य गुणस्थान में असम्भव हैं। सातवें नरक में उत्कृष्ट विशुद्ध परिणाम वे ही हैं जिनसे कि उक्त तीन प्रकृतियों का बन्ध किया

जा सकता है। अतएव उसमें सब उत्कृष्ट पुण्य प्रकृतियाँ उक्त स्थान ही हैं।

यद्यपि सातवें नरक के नारक-जीव मनुष्यआयु को नहीं बाँधते तथापि वे मनुष्यगति तथा मनुष्यआनुपूर्वी नामकर्म को बाँध सकते हैं। यह नियम नहीं है कि "आयु का बन्ध, गति और आनुपूर्वी नामकर्म के बन्ध के साथ ही होना चाहिये।"

सातवें नरक का बन्धस्वामित्व—यन्त्र

गुणस्थानों के नाम	बन्ध्य प्रकृतियाँ	अबन्ध्य प्रकृतियाँ	पुनर्बन्ध्य प्र०	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूलप्रकृतियाँ
ओघसे	९९	२१	०	५	६	२	२६	१	४९	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	९६	२४	५	५	६	२	२६	१	४७	१	५	७ ८
सास्वादन में	९१	२९	२४	५	६	२	२४	०	४५	१	५	७
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७

(तियञ्चगति का बन्धस्वामित्व) सम्यक्त्वी होते हुये भी तिर्यञ्च अपने जन्म स्वभावसे ही जिननामकर्म को बाँध न ीं सकते, व आहारक द्विक का भी नहीं बाँधते, इसका कारण यह है कि उसका बन्ध, चारित्र धारण करनेवालों को ही हो सकता है, पर तिर्यञ्च, चारित्र के अधिकारी नहीं हैं । अतएव उनके सामान्य बन्ध में उक्त ३ प्रकृतियों की गिनती नहीं की है ॥७॥

विणु नरयसोल सासणि, सुराउ अणएगतीस विणु मीसे ।
ससुराउ सयरि सम्मे, बीयकसाए विणा देसे ॥ ८ ॥

विना नरकषोडश सासादने सुरायुरनेकत्रिंशत विना मिश्रे ।
ससुरायु सप्तति सम्यक्त्वे द्वितीयकषायान्विना देशे ॥ ८ ॥

अर्थ—दूसरे गुणस्थान में वर्तमान पर्याप्त तिर्यञ्च १०१ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि पूर्वोक्त ११७ में से नरक-त्रिक से लेकर सेवार्त पर्यन्त १६ प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते । तीसरे गुणस्थान में वे ६९ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि उक्त १०१ में से अनन्तानुबन्धि-चतुष्क से लेकर वज्रऋषभ नाराचसहनन पर्यन्त ३१ तथा देवआयु इन ३२ प्रकृतियों का बन्ध उनको नहीं होता । चौथे गुणस्थान में वे उक्त ६९ तथा देवआयु-कुल ७० प्रकृतियों को बाँधते हैं । तथा पाँचवें गुणस्थान में ६६ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि उक्त ७० में से ४ अप्रत्याख्यानावरण कषायों का बन्ध उनको नहीं होता ॥ ८ ॥

भावार्थ—चौथे गुणस्थान में वर्तमान पर्याप्त तिर्यञ्च देवआयु को बाँधते हैं परन्तु तीसरे गुणस्थान में वर्तमान उसे नहीं बाँधते, क्योंकि उस गुणस्थान के समय *आयु बाँधने के योग्य अध्यवसाय ही नहीं होते । तथा उस गुणस्थान में मनुष्यगति-योग्य ६ (मनुष्य द्विक, औदारिक-द्विक, वज्रऋषभनाराचसंहनन और मनुष्य आयु) प्रकृतियों को भी वे नहीं बाँधते । इसका कारण यह है कि चौथे गुणस्थान की तरह तीसरे गुणस्थान के समय, पर्याप्त मनुष्य और तिर्यञ्च दोनों ही देवगति योग्य प्रकृतियों को बाँधते हैं, मनुष्यगति-योग्य प्रकृतियों को नहीं । इस प्रकार अनन्तानुबन्धि-चतुष्क से लेकर २५ प्रकृतियाँ—जिनका बन्ध तीसरे गुणस्थानमें किसी को नहीं होता—उन्हें भी वे नहीं बाँधते । इससे देवआयु १, मनुष्यगति योग्य उक्त ६ तथा अनन्तानुबन्धि-चतुष्क आदि २५—सब मिलाकर ३२ प्रकृतियों को उपर्युक्त १०१ में से घटाकर शेष ६९ प्रकृतियों का बन्ध पर्याप्त तिर्यंचों को मिश्रगुणस्थान में होता है । चौथे गुणस्थान में उनको देवआयु के बन्ध का सम्भव होने के कारण ७० प्रकृतियों का बन्ध माना जाता है ।

---

*—" सम्मा मिच्छद्दिट्ठी आउ बंधंपि न करेइ "
इति वचनात् ' मिस्सूणे आउस्स य " इत्यादि
(गोम्मटसार-कर्म०-गा० ९२)

परन्तु पाचवें गुणस्थान में उनको ६६ प्रकृतियों का बन्ध माना गया है, क्योंकि उस गुणस्थान में ४ अप्रत्याख्यानावरण कषाय का बन्ध नहीं होता। अप्रत्याख्यानावरण-कषाय का बन्ध पाचवें गुणस्थान से लेकर आगे के गुणस्थानों में न होने का कारण यह है कि 'कषाय के बन्ध का कारण कषाय का उदय है'। जिस प्रकार के कषाय का उदय हो उसी प्रकार के कषाय का बन्ध हो सकता है। अप्रत्याख्यानावरण-कषाय का उदय पहले चार ही गुणस्थानों में है, आगे नहीं, अतएव उस का बन्ध भी पहले चार ही गुणस्थानों में होता है ॥ ८ ॥

पर्याप्त तिर्यञ्च का बन्धस्वामित्व-यन्त्र

गुणस्थानों के नाम	बन्ध प्रकृतियाँ	अबन्ध प्रकृतियाँ	बन्धविच्छेद प्र०	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूलप्रकृतियाँ
ओघसे	११७	३	०	५	९	२	२६	४	६४	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	११७	३	१३	५	९	२	२६	४	६४	२	५	७ ८
सास्वादन में	१०१	१९	३१	५	९	२	२४	३	५१	२	५	७ ८
मिश्र में	६९	५१	०	५	६	२	१९	०	३१	१	५	७
अविरत में	७०	५०	४	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८
देशविरत में	६६	५४	०	५	६	२	१५	१	३२	१	५	७ ८

मनुष्यगति का बन्धस्वामित्व।

इय चउगुणेसु वि नरा, परमजया सजिण ओहु देसाई।
जिण इक्कारस हीणं, नवसउ अपजत्त तिरियनरा ॥९॥

इति चतुर्गुणेष्वपि नरा परमयता सजिनमोघो देशादिषु।
जिनैकादशहीनं नवशतमपर्याप्ततिर्यङ्नरा ॥ ९ ॥

अर्थ—पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे गुणस्थान में वर्तमान पर्याप्त मनुष्य, उन्हीं ४ गुणस्थानों में वर्तमान पर्याप्त तिर्यंच के समान प्रकृतियों को बांधते हैं। भेद केवल इतना ही है कि चौथे गुणस्थान वाले पर्याप्त तिर्यंच, जिन नाम कर्म को नहीं बांधते पर मनुष्य उसे बांधते हैं। तथा पांचवें गुणस्थान से लेकर आगे के सब गुणस्थानों में, वर्तमान मनुष्य दूसरे कर्मग्रन्थ में कहे हुये क्रम के अनुसार प्रकृतियों को बांधते हैं। जो तिर्यंच तथा मनुष्य अपर्याप्त हैं वे जिन नाम कर्म से लेकर नरकत्रिक-पर्यन्त ११ प्रकृतियों को छोड़ कर बन्धयोग्य १२० प्रकृतियों में से शेष १०९ प्रकृतियों को बांधते हैं ॥ ९ ॥

भावार्थ—जिस प्रकार पर्याप्त तिर्यंच पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे में १०१ और तीसरे गुणस्थान में ६९ प्रकृतियों को बांधते हैं इसी प्रकार पर्याप्त मनुष्य भी उन ३ गुणस्थानों में उतनी उतनी ही प्रकृतियों को बांधते हैं। परन्तु

चौथे गुणस्थान में पर्याप्त तिर्यंच ७० प्रकृतियों को बाधते हैं, पर पर्याप्त मनुष्य ७१ प्रकृतियों को, क्योंकि वे जिन नाम कर्म का बाधते हैं लेकिन तिर्यञ्च उसे नहीं बाधते। पाचवें से ले-कर तेरहवें गुणस्थान-पर्यन्त प्रत्येक गुणस्थान में जितनी २ बन्धयोग्य प्रकृतिया दूसरे कर्मग्रन्थ के बन्धाधिकार में कही हुई हैं, उतनी उतना ही प्रकृतियों को उस उस गुणस्थान के समय पर्याप्त मनुष्य बाधते हैं, जैसे —पाचवें गुणस्थान में ६७, छट्टे में ६३, सातवें मे ५६ या ५८ इत्यादि।

अपर्याप्त तिर्यञ्च तथा अपर्याप्त मनुष्य को १०६ प्र-कृतियों का जो बन्ध कहा है, वह सामान्य तथा विशेष दोना प्रकार से समझना चाहिये, क्योंकि इस जगह 'अपर्याप्त' शब्द का मतलब लब्धि अपर्याप्त से है, करणअपर्याप्त से नहीं, और लब्धि अपर्याप्त जीव को पहला ही गुणस्थान होता है।

'अपर्याप्त' शब्द का उक्त अर्थ करने का कारण यह है कि करण अपर्याप्त मनुष्य, तीर्थंकर नाम कर्म को बाध भी सकता है, पर १०६ में उस प्रकृति की गणना नहीं है॥ ६॥

पर्याप्त मनुष्य का बन्धस्वामित्व-यन्त्र।

गुणस्थानों के नाम	बन्ध में प्रकृतियाँ	अबन्ध प्रकृतियाँ	विच्छेद्य प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१२०	०	०	५	९	२	२६	४	६७	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	११७	३	१६	५	९	२	२६	४	६४	२	५	७ ८
सास्वादन में	१०१	१९	३२	५	९	२	२४	३	५१	२	५	७ ८
मिश्र में	६९	५१	०	५	६	२	१९	०	३१	१	५	७
अविरत में	७१	४९	४	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८
देशविरत में	६७	५३	४	५	६	२	१५	१	३२	१	५	७ ८
प्रमत्त में	६३	५७	६	५	६	२	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

अप्रमत्त में	५९ ५८	६१ ६२	१ ०	५	६	१	६	१ ०	३१	१	५	७ ८
अपूर्व करण में	५८* ५६ २६	६२ ६४ ९४	२ ३० ४	५	६ ४ ४	१	४	०	३१ ३१ १	१	५	७
अनिवृत्ति में	२२ २१ २० १९ १८	९८ ९९ १०० १०१ १०२	१ १ १ १ १	५	४	१	५ ४ ३ २ १	०	१	१	५	७
सूक्ष्मसम्पराय में	१७	१०३	१६	५	४	१	०	०	१	१	५	६
उपशान्तमोह में	१	११९	०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
क्षीणमोह में	१	११९	०	०	०	१	०	०	०	०	०	१
सयोगिकेवली में	१	११९	१	०	०	१	०	०	०	०	०	१
अयोगिकेवली में	०	१२०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०

* ५८का बन्ध पहले भाग में, ५६का दूसरे से छठे तक पाँच भागों में और २६का बन्ध सातवें भाग में समझना-

लब्धि अपर्याप्त तिर्यञ्च तथा मनुष्य का बन्धस्वामित्व यन्त्र।

गुणस्थान	बन्ध प्रकृतियाँ	अबन्ध प्रकृतियाँ	विच्छेद प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१०९	११	०	५	९	२	२६	२	५८	२	५	७ ८
मिथ्यात्व	१०९	११	०	५	९	२	२६	२	५८	२	५	७ ८

'देवगति के बन्धस्वामित्व को दो गाथाओं से कहते हैं'—'

निरय व्व सुरा नवरं, ओहे मिच्छे इगिंदितिग सहिया।
कप्पदुगे विय एवं, जिणहीणो जोइभवणवणे ॥ १० ॥

निरया इव सुरा नवरमोघे मिथ्यात्वे एकेन्द्रियत्रिक सहिताः।
कल्पद्विकेऽपि चैव जिनहीनो ज्योतिष भवनवाने ॥ १० ॥

अर्थ—यद्यपि देवों का प्रकृति बन्ध नारकों के प्रकृति बन्ध के समान है, तथापि सामान्य-बन्ध-योग्य और पहले गुणस्थान की बन्धयोग्य प्रकृतियों में कुछ विशेष है, क्योंकि एकेन्द्रियजाति, स्थावर तथा आतपनामकर्म इन तीन प्रकृतियों को देव बाधते हैं, पर नारक उन्हें नहीं बाधते। 'सौधर्म' नामक पहले और 'ईशान' नामक दूसरे कल्प (देवलोक) में जो देव रहते हैं, उनका सामान्य तथा विशेष प्रकृति बन्ध देवगति के उक्त प्रकृति-बन्ध के अनुसार ही है। इस प्रकार ज्योतिष, भवनपति और व्यन्तर निकाय के देव जिननामकर्म के सिवाय और सब प्रकृतियों को पहले दूसरे देव लोक के देवों के समान ही बाधते हैं।

भावार्थ—सामान्य देवगति में तथा पहले दूसरे देवलोक के देवों को सामान्यरूप से १०४, पहले गुणस्थान में १०३ दूसरे में ९६ तीसरे में ७० और चौथे में ७२ प्रकृतियों का बन्ध होता है।

उपर्युक्त ज्योतिष आदि देवों को सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में १०३, दूसरे में ९६, तीसरे में ७० और चौथे गुणस्थान में ७१ प्रकृतियों का बन्ध होता है ॥ १० ॥

सामान्य देवगति का तथा पहले दूसरे देवलोक के देवों का स्वामित्व यन्त्र ।

गुणस्थानों के नाम	बन्ध प्रकृतियाँ	अबन्ध प्रकृतियाँ	विच्छेद प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१०४	१६	१	५	९	२	२६	२	५३	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	१०३	१७	७	५	९	२	२६	२	५२	२	५	७ ८
सास्वादन में	९६	२४	२६	५	९	२	२४	१	४७	२	५	७ ८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७२	४८	०	५	६	२	१९	१	३३	१	५	[illegible]

गुण स्थानों के नाम	* बंधप्रकृतियां	अबंधप्रकृतियां	विछेदप्रकृतियां	ज्ञाना वर्णीय	दर्शना वर्णीय	वेदनीय कर्म	मोहनीय कर्म	आयु कर्म	नाम कर्म	गोत्र कर्म	अन्तराय कर्म	मूलप्रकृतियां
ओघ से	१०३	१७	०	५	९	२	२६	२	५२	२	५	७ ८
मिथ्यात्व में	१०३	१७	७	५	९	२	२६	२	५२	२	५	७ ८
सास्वादन में	९६	२४	२५	५	९	२	२४	२	४७	२	५	७ ८
मिश्र में	७०	५०	०	५	६	२	१९	०	३२	१	५	७
अविरत में	७१	४९	०	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८

रयणु व सणु कुमारा इ आणयाई उज्जोयचउ रहिया।
अपज्जतिरिय व नवसय, मिगिंदिपुढविजलतरुविगले॥११॥

रत्नवत्सनत्कुमारादय आनतादय उद्योतचतुर्विरहिता ।
अपर्याप्ततिर्यग्वन्नवशतं मेकेन्द्रियपृथ्वीजलतरुविकले ॥ ११ ॥

अर्थ—तीसरे सनत्कुमार-देवलोक से लेकर आठवें सह स्रार तक के देव, रत्नप्रभा नरक के नारकों के समान प्रकृति बन्ध के अधिकारी हैं, अर्थात् वे सामान्यरूप से १०१, मिथ्यात्व-गुणस्थान में १००, दूसरे गुणस्थान में ९६, तीसरे में ७० और चौथे गुणस्थान में ७२ प्रकृतियों को बांधते हैं। आनत से अच्युत पर्यन्त ४ देवलोक और ९ ग्रैवेयक के देव उद्योत चतुष्क के सिवाय और सब प्रकृतियों को सनत्कुमार के देवों के समान बांधते हैं, अर्थात् वे सामान्यरूप से ९७, पहले गुणस्थान में ९६, दूसरे में ९२, तीसरे में ७० और चौथे गुणस्थानमें ७२ प्रकृतियों को बांधते हैं। (इन्द्रिय और कायमार्गणा का बन्धस्वामित्व)— एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, पृथ्वीकायिक, जलकायिक तथा वनस्पतिकायिक जीव, अपर्याप्त तिर्यञ्च के समान जिननामकर्म से लेकर नरकत्रिक पर्यन्त ११ प्रकृतियों को छोड़कर बन्ध-योग्य १२० में से शेष १०९ प्रकृतियों को सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में बांधते हैं॥ ११ ॥

भावार्थ—उद्योत चतुष्क में उद्योतनामकर्म, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चआनुपूर्वी और तिर्यंचआयु का ग्रहण होता है।

यद्यपि अनुत्तरविमान के विषय में गाथा में कुछ नहीं कहा है, परन्तु समझलेना चाहिये कि उसके देव सामान्यरूप से तथा चौथे गुणस्थान में ७२ प्रकृतियों के बन्ध के अधिकारी हैं। उन्हें चौथे के सिवाय दूसरा गुणस्थान नहीं होता।

अपर्याप्त तिर्यंच की तरह उपर्युक्त एकेन्द्रिय आदि ७ मार्गणाओं के जीवों के परिणाम नतो सम्यक्त्व तथा चारित्र के योग्य शुद्ध ही होते हैं, और न नरक योग्य अतिअशुद्ध ही, अतएव वे जिननामकर्म आदि ११ प्रकृतियों को बांध नहीं सकते॥ ११॥

... तथा सर्व प्रकृति की सत्ता का स्वामित्व यन्त्र।

गुणस्थानों के नाम	ध्रुव प्रकृति०	अध्रुव प्रकृति०	मिश्र ध्रुव प्रकृति	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	सर्व प्रकृति तथा
ओघ से	६७	२३	१	५	९	२	२६	४	४७	२	५	७८
मिथ्यात्व में	६६	२४	४	५	९	२	२६	४	४६	२	५	७८
सास्वादन में	६२	२८	२२	५	९	२	२५	१	४४	२	५	७८
मिश्र में	७०	५०	०	५	९	२	११	०	३२	१	५	७
अविरत में	७२	४८	०	५	९	२	१९	४	३१	२	५	७८

अनुत्तर विमानवासी देवों का बन्धस्वामित्व यन्त्र।

गुणस्थान	बन्ध्य प्रकृतियां	अबन्ध्य प्रकृतियां	विच्छेद्य-प्रकृतियां	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियां
ओघ से	७२	४८	०	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८
अविरत में	७२	४८	०	५	६	२	१९	१	३२	१	५	७ ८

छनराउ सासणि विणु सुहुमतेर केइ पुणविंति चउनवइं।
तिरियनराऊहि विणा, तणुपज्जत्तिं* न ते जंति ॥ १२ ॥+

पण्णवति, सासादने विना सूक्ष्मत्रयोदश केचित्पुनर्बध्नन्ति।
तिर्यग्नरायुर्भ्यां विना तनुपर्याप्तिं न ते यान्ति ॥ १२ ॥

अर्थ–पूर्वोक्त एकेन्द्रिय आदि जीव दूसरे गुणस्थान में ९६ प्रकृतियों को बाँधते हैं, क्योंकि पहले गुणस्थान की बन्ध योग्य १०९ में से सूक्ष्मत्रिक से लेकर सेवार्त पर्यन्त १३ प्रकृतियों को वे नहीं बाँधते। कोई आचार्य कहते हैं कि–"वे एकेन्द्रिय आदि, दूसरे गुणस्थान के समय तिर्यञ्च आयु तथा मनुष्यआयु को नहीं बाँधते, इससे वे उस गुणस्थान में ९४ प्रकृतियों को ही बाँधते हैं। दूसरे गुणस्थान में तिर्यञ्च आयु तथा मनुष्य आयु बाँध न सकने का कारण यह है कि वे एकेन्द्रिय आदि, उस गुणस्थान में रह कर शरीरपर्याप्ति पूरी करने नहीं पाते।" ॥ १२ ॥

---

* 'न जंति जओ' इत्यपि पाठः।

+ इस गाथा में वर्णन किया हुआ ९६ और ९४ प्रकृतियों के बन्ध का मत भेद प्राचीन बन्धस्वामित्व में है। यथा —

साणा बंधहि सोलस निरतिग हीणा य मोत्तु छन्नउइं।
ओघव्व वीसुत्तर—सयं च पंचिंदिया बंधे ॥ २३ ॥

इग विग लिंदी साणा, तणु पज्जत्तिं न जंति जं तेण।
नर तिरियाउ अबंधा, सय तरेण उ चउणवइं ॥ २४ ॥

भावार्थ—एकेन्द्रिय आदि को अपर्याप्त अवस्था ही में दूसरे गुणस्थान का सम्भव है, क्यों कि जो भवनपति व्यन्तर आदि, मिथ्यात्व में एकेन्द्रिय आदि की आयु बाँध कर पीछे से सम्यक्त्व प्राप्त करते हैं वे मरण के समय सम्यक्त्व को वमते हुए एकेन्द्रिय आदि-रूप में पैदा होते हैं, उसी समय उनमें सासादन सम्यक्त्व पाया जाता है।

दूसरे गुणस्थान में वर्तमान एकेन्द्रिय आदि जीवों के बन्धस्वामित्व के विषय में जो मत भेद ऊपर कहा गया है, उसे समझने के लिये इस सिद्धान्त को ध्यान में रखना आवश्यक है कि "कोई भी जीव इन्द्रिय पर्याप्ति पूरी किये बिना आयु को बाँध नहीं सकता।"

९६ प्रकृतियों का बंध माननेवाले आचार्य का अभिप्राय यह जान पड़ता है कि इन्द्रियपर्याप्ति के पूर्ण बन चुकने के बाद जब कि आयु बंध का काल आता है तब तक सासादन भाव बना रहता है। इसलिये सासादन गुणस्थान में एकेन्द्रिय आदि जीव तिर्यंच आयु तथा मनुष्य आयु का बंध कर सकते हैं। परन्तु ९४ प्रकृतियों का बंध माननेवाले *आ-

---

* ९४ प्रकृतियों का बन्ध माननेवाले आचार्य के विषय में श्री जयसोमसूरि ने अपने गुजराती टबे में लिखा है कि "वे आचार्य श्री चन्द्रसूरि प्रमुख हैं।" उनके पक्षकी पुष्टि के विषय में श्री जीवविजयजी अपने टबे में कहते हैं कि "यह पक्ष युक्त जान पड़ता है। क्यों कि पृथ्वीकाय आदि की जघन्य आयु भी २५६ आवलिका प्रमाण है, उसके

चार्य कहते हैं कि सासादनभाव में रहकर इन्द्रिय पर्याप्ति को पूर्ण करने की तो बात ही क्या शरीर पर्याप्ति को भी पूर्ण नहीं कर सकते अर्थात् शरीर पर्याप्ति पूर्ण करने के पहले ही एके न्द्रिय आदि उपर्युक्त जीव सासादन भावसे च्युत हो जाते हैं। इसलिये वे दूसरे गुणस्थान में रहकर आयु को बांध नहीं सकते ॥ १२ ॥

दो भाग—अर्थात् १०१ आवलिकायें बीत चुकने पर आयु-बन्ध का सम्भव है। पर उसके पहले ही सास्वादनसम्यक्त्व चला जाता है, क्योंकि वह उत्कृष्ट ६ आवलिकायें तक ही रह सकता है। इसलिये सास्वादन अवस्था में ही शरीर पर्याप्ति और इन्द्रिय पर्याप्ति का पूर्ण बन जाना मान लिया जाय तथापि उस अवस्थामें आयु बन्ध का किसी तरह सम्भव ही नहीं।" इसी की पुष्टि में उन्होंने औदारिक मिश्र मार्गणा का सास्वादन गुणस्थान-सम्बधी ६४ प्रकृतियों के बंध का भी उल्लेख किया है। ६६ का बंध माननेवाले आचार्य का क्या अभिप्राय है, इसे कोई नहीं जानते। यही बात श्री जीवविजयजी और श्री जयसोमसूरि ने अपने टबे में कही है। ६४ के बंध का पक्ष विशेष सम्मत जान पड़ता है क्योंकि उस एकही पक्ष का उल्लेख गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) में भी है—

पुण्णिदर विगि विगले तत्थुप्पण्णो हु सासणो देहे।
पज्जत्तिं ण वि पावदि इदि नरतिरियाउगं णत्थि ॥ ११३ ॥

अर्थात् एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय में पूर्णेतर—लब्धि अपर्याप्त—के समान बन्ध होता है। उस एकेन्द्रिय तथा विकलेन्द्रिय में पैदा हुआ सासादन सम्यक्त्वी जीव शरीर पर्याप्ति को पूरा कर नहीं सकता, इससे उसको उस अवस्था में मनुष्य आयु या तिर्यंच आयु का बन्ध नहीं होता।

एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रि, पृथ्वीकाय, जलकाय और
वनस्पतिकाय का बन्धस्वामित्व-यन्त्र ।

गुणस्थान	बन्ध्य प्रकृतियाँ	अबन्ध्य प्रकृतियाँ	विच्छेद्य प्रकृतियाँ	ज्ञानावरणीय	दर्शनावरणीय	वेदनीयकर्म	मोहनीयकर्म	आयुकर्म	नामकर्म	गोत्रकर्म	अन्तरायकर्म	मूल प्रकृतियाँ
ओघ से	१०६	११	०	५	६	२	२६	२	५८	२	५	७ ८
मिथ्यात्वमें	१०६	११	१३ | १५	५	६	२	२६	२	५८	२	५	७ ८
सास्वादनमें	९६ | ९४	२४ | २६	०	५	९	२	२४	२ | ०	४७	२	५	७ ८

"इस गाथा मे पञ्चेन्द्रिय जाति, त्रसकाय, और गतित्रस का बन्धस्वामित्व कहकर १६वीं गाथा तक योग मार्गणा के बन्ध स्वामित्व का विचार करते हैं।

ओहु पणिदितसे गइ-तसे जिणिक्कार नरतिगुच्च विणा।
मणवयजोगे ओहो, उरले नरभगु तम्मिस्से ॥ १३ ॥

ओघ पञ्चेन्द्रियत्रसे गतित्रसे जिनैकादश नरत्रिकोच्च विना।
मनोवचोयोग ओघ औदारिके नरभङ्गस्तन्मिश्र ॥ १३ ॥

अर्थ—पञ्चेन्द्रिय जाति और त्रसकाय में ओघ-बन्धाधिकार के समान-प्रकृतिबन्ध जानना। गतित्रस (तेजःकाय और वायुकाय) में जिनएकादश—जिननामकर्म से लेकर नरकत्रिक पर्यन्त ११—मनुष्यत्रिक और उच्चगोत्र इन १५ को छोड़, १२० में से शेष १०५ प्रकृतियों का बन्ध होता है। (योगमार्गणा का बन्धस्वामित्व) मनोयोग तथा वचनयोग में अर्थात् मनोयोग वाले तथा मनोयोगसहितवचनयोग वाले जीवों मे बन्धाधिकार के समान प्रकृति-बन्ध समझना। औदारिक काययोग में अर्थात् मनोयोगवचनयोगसहित औदारिक काययोग वालों में नरभग-पर्याप्त मनुष्य के समान बन्धस्वामित्व-समझना ॥ १३ ॥

भावार्थ—पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसकाय का बन्धस्वामित्व बन्धाधिकार के समान कहा हुआ है, इसका मतलब यह है कि 'जैसे दूसरे कर्मग्रन्थ मे बन्धाधिकार में सामान्यरूप से

१२० और विशेषरूप मे—तेरह गुणस्थानों में—क्रमसे ११७, १०१,७८, ७७ इत्यादि प्रकृतियों का बन्ध कहा है, वैसे ही पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसकाय मे भी सामान्यरूप से १२० तथा तेरह गुणस्थानों मे क्रमसे ११७, १०१ आदि प्रकृतियों का बन्ध समझना चाहिये।'

इसी तरह आगे भी जिस मार्गणा में बन्धाधिकार के समान बन्धस्वामित्व कहा जाय वहा उस मार्गणा में जितने गुणस्थानों का सम्भव हो, उतने गुणस्थानो में बन्धाधिकार के अनुसार बन्धस्वामित्व समझ लेना चाहिये।

गतित्रस। [1] शास्त्र में त्रस जीव दो प्रकार के माने जाते हैं—एक तो वे, जिन्हें त्रसनामकर्म का उदय भी रहता है और जो चलते फिरते भी हैं। दूसरे वे, जिनको उदय तो स्थावर नाम कर्म का होता है, पर जिनमें गति क्रिया पायी जाती है। ये दूसरे प्रकार के जीव 'गतित्रस' या '*सूक्ष्मत्रस' कहलाते हैं।

इन गतित्रसो में १०५ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व कहा हुआ है, सो सामान्य तथा विशेष दोनों प्रकार से, क्योंकि उनमें पहला गुणस्थान ही होता है। उनके बन्धस्वामित्व में जिनएकादश आदि उपर्युक्त १५ प्रकृतियों के न गिनने का कारण यह है कि वे गतित्रस मर कर केवल तिर्यञ्चगति में

---

1 [1] उत्तराध्ययन अ० ३६, गा० १०७

२ *यथा—" सुहुमतसा ओघ थूल तसा "(प्राचीन बन्धस्वामित्व गा २५)

जाते हैं, अन्य गतियों में नहीं। परन्तु उक्त १५ प्रकृतियाँ तो मनुष्य, देव या नरक गति ही मे उदय पाने योग्य हैं।

यद्यपि गाथा में 'मणवयजोगे' तथा 'उरले' ये दोनों पद सामान्य हैं, तथापि 'ओहो' और 'नरभगु' शब्द के सन्निधान से टीका में 'वयजोग का' मतलब मनोयोग-सहित-वचनयोग और 'उरल' का मतलब मनोयोगवचन-योगसहित औदारिक काययोग–इतना रक्खा गया है, इस लिये अर्थ भी टीका के अनुसार ही कर दिया गया है। परन्तु 'वयजोग' का मतलब केवल वचनयोग और 'उरल' का मतलब केवल औदारिक काययोग रख कर भी उसमें बन्धस्वामित्व का विचार किया हुआ है, सो इस प्रकार है कि केवल वचनयोग में तथा केवल औदारिक काययोग में विकलेन्द्रिय या एकेन्द्रिय के समान बन्धस्वामित्व है अर्थात् सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में १०६ और दूसरे गुणस्थान में ९६ या ९४ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व है।

योग का, तथा उसके मनोयोग आदि तीन मूल भेदों का और सत्य मनायोग आदि १५ उत्तर भेदों का स्वरूप चौथे कर्मग्रन्थ की गाथा ९, १०, और २४ वीं मे जान लेना ॥१३॥

आहारछग विणोहे, चउदसमउ मिच्छि जिणपणगहीणं ।
सासणि चउनवइ विणा, नरतिरिआऊ* सुहुमतेर ॥१४॥

आहारषट्क विनौघे चतुर्दशशत मिथ्यात्वे जिनपञ्चक हीनम् ।
सासादने चतुर्नवतिर्विना नरतिर्यगायु सूक्ष्मत्रयोदश ॥ १४ ॥

अर्थ—(पिछली गाथासे 'तम्मिसे' पद लिया जाता है) औदारिक मिश्रकाययोग में सामान्यरूप से ११४ प्रकृतियों का बन्ध होता है, क्योंकि आहारक-द्विक, देवआयु और नरकत्रिक इन छह प्रकृतियों का बन्ध उसमें नहीं होता। उस योग में पहले गुणस्थान के समय जिननामकर्म, देव-द्विक तथा वैक्रिय-द्विक इन पाचके सिवाय उक्त ११४ में से शेष ‡१०९ प्रकृतियों का बन्ध

* "तिरिअनराऊ इत्यपि पाठ"

‡ मिथ्यात्व गुणस्थान में जिन १०९ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व औदारिकमिश्रकाययोग में माना जाता है, उनमें तिर्यञ्चआयु और मनुष्यआयु भी परिगणित है। इसपर श्रीजीवविजयजी ने अपने टबे में संदेह किया है कि "औदारिकमिश्रकाययोग शरीर पर्याप्ति के पूर्ण होने पर्यन्त ही रहता है, आगे नहीं, और आयुबन्ध शरीरपर्याप्ति और इन्द्रिय पर्याप्ति पूरी हो जाने के बाद होता है, पहले नहीं। अतएव औदारिक मिश्रकाययोग के समय अर्थात् शरीरपर्याप्ति पूर्ण होने के पूर्व में, आयु-बन्ध का किसी तरह सम्भव नहीं। इसलिये उक्त दो आयुओं का १०९ प्रकृतियों में परिगणन विचारणीय है।" यह संदेह शिलाङ्काचार्य के मत को लेकर ही किया है, क्योंकि वे औदारिकमिश्रकाययोग को शरीर पर्याप्तिपूर्ण बनने तक ही मानते हैं। परन्तु उक्त संदेह का निरसन इस प्रकार किया जा सकता है —

सेवार्त-पर्यन्त १३—कुल १५ प्रकृतियों का बन्ध उसमें नहीं होता ॥ १४ ॥

इसलिये औदारिकमिश्रकाययोग में मिथ्यात्व गुणस्थान के समय उक्त दो आयुओं का बन्धस्वामित्व माना जाता है सो उक्त पक्षकी अपेक्षा से युक्त ही है। मिथ्यात्व के समय उक्त दो आयुओं का बन्धस्वामित्व औदारिक मिश्रकाययोग में, जैसा कर्मग्रन्थ में निर्दिष्ट है वैसा ही गोम्मटसार में भी। यथा —

" ओराले वा मिस्से णहि सुरणिरयाउहारणिरयदुगं ।
मिच्छदुगे देवचओ तित्थं णहि अविरदे अत्थि ॥ "
[कर्म काण्ड गाथा ११६]

अर्थात् " औदारिक मिश्रकाययोग का बन्धस्वामित्व औदारिक काययोग के समान ही है। विशेष इतना ही है कि देव आयु नरक आयु, आहारक-द्विक और नरकद्विक-इन छह प्रकृतियों का बन्ध औदारिक मिश्र काययोग में नहीं होता तथा उसमें मिथ्यात्व के और सास्वादन के समय देवचतुष्क व जिननाम कर्म इन ५ का बन्ध नहीं होता, पर अविरतसम्यग्दृष्टि के समय उनका बन्ध होता है।"

उपर्युक्त समाधान की पुष्टि श्री जयसोमसूरि के कथन से भी होती है। उन्होंने अपने टब में लिखा है कि " यदि यह पक्ष माना जाय कि शरीर पर्याप्ति पूर्ण होने तक ही औदारिकमिश्रकाययोग रहता है तो मिथ्यात्वमें तिर्यंच आयु तथा मनुष्य आयुका बन्ध किसी प्रकार नहीं होसकता, इसलिये इस पक्ष की अपेक्षा से उस योग में सामान्य रूप से ११२ और मिथ्यात्व में १०७ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व समझना चाहिए।" इस कथन से, स्वयोग्य पर्याप्तियाँ पूर्ण बन जाने पर्यन्त औदारिक मिश्रकाययोग रहता है, इस दूसरे पक्ष की सूचना स्पष्ट होती है।

अण चउवीसाइ विणा, जिणपणजुय समि जोगिणो साय
विणु तिरिनराउ कम्मे, वि एवमाहारदुगि ओहो ॥ १५ ॥

अनचतुरशीतिं विना जिनपञ्चकयुता सम्यक्त्वे योगिन सातम्
विना तिर्यङ्नरायु कार्मणेऽप्येवमाहारकद्विक आघ ॥ १५ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त ९४ प्रकृतियों में से अनन्तानुबन्धि-चतुष्क से लेकर तिर्यंच द्विक पर्यन्त २४ प्रकृतियों को घटा कर शेष ७० में जिननामकर्म, देव द्विक तथा वैक्रिय द्विक इन ५ प्रकृतियों के मिलाने से ७५ प्रकृतियाँ होती हैं, *इनका बन्ध औदारिकमिश्रकाययोग में चौथे गुणस्थान के

* चौथे गुणस्थान के समय औदारिकमिश्रकाययोग में जिन ७१ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व कहा है, उनमें मनुष्यद्विक, औदारिक-द्विक और प्रथम संहनन—इन ५ प्रकृतियों का समावेश है। इस पर श्री जीवविजय जी महाराज ने अपने टबे में सन्देह उठाया है कि "चौथे गुणस्थान में औदारिक मिश्रकाययोगी उक्त ५ प्रकृतियों को बाँध नहीं सकता। क्योंकि तिर्यंच तथा मनुष्य के सिवाय दूसरों में उस योग का सम्भव नहीं है और तिर्यंच मनुष्य उस गुणस्थान में उक्त ५ प्रकृतियों को बाँध ही नहीं सकते। अतएव तिर्यंच गति तथा मनुष्य गति में चौथे गुणस्थान के समय जो क्रम से ७० तथा ७१ प्रकृतियों का बन्ध स्वामित्व कहा गया है उसमें उक्त ५ प्रकृतियाँ नहीं आतीं।' इस सन्देह का निवारण श्री जयसोमसूरि ने किया है—

वे अपने टबे में लिखते हैं कि 'गाथागत 'अणचउवीसाइ' इस पद का अर्थ अनन्तानुबन्धी आदि २४ प्रकृतियाँ—यह नहीं करना, किन्तु आइ शब्द से और भी ५ प्रकृतियाँ लेकर अनन्तानुबन्धी आदि २४ तथा मनुष्यद्विक आदि ५ कुल २९ प्रकृतियाँ—यह अर्थ

समय होता है। तेरहवें गुणस्थान के समय उस योग में केवल सातवेदनीय का बन्ध होता है। कार्मणकाययोग में तिर्यंचआयु और नरकआयु के सिवाय और सब प्रकृतियों का बन्ध औदारिकमिश्रकाययोग के समान ही है। आहारक द्विक में—आहारककाययोग और आहारकमिश्रकाययोग में सामान्य तथा विशेषरूप से ६३ प्रकृतियों के ही बन्ध की योग्यता है ॥१५॥

करना। ऐसा अर्थ करने से उक्त संदेह नहीं रहता। क्योंकि ९४ मेंसे २९ घटाकर शेष ६५ में जिनपंचक मिलाने से ७० प्रकृतियाँ होती हैं जिनका कि बन्धस्वामित्व उस योग में उक्त गुणस्थान के समय किसी तरह विरुद्ध नहीं है।" यह समाधान प्रामाणिक जान पड़ता है। इसकी पुष्टि के लिये पहले तो यह कहा जा सकता है कि मूल गाथा में 'पचहत्तर संख्या का बोधक कोई पद ही नहीं है। दूसरे श्री दिगम्बराचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्त्ती भी द्वितीय गुणस्थान में २९ प्रकृतियों का विच्छेद मानते हैं —

"पण्णारसमुनतीसं मिच्छदुगे अविरदे छिदी चउरो।"

[गोम्मटसार, कर्मकाण्ड गा० ११७]

यद्यपि टीका में ७९ प्रकृतियों के बन्ध का निर्देश स्पष्ट किया है — "सासादनस्थाः चतुर्नवतिरनन्तानुबन्ध्यादि चतुर्विंशतिप्रकृतीर्विना जिननामादि प्रकृतिपंचकयुता च पंचसप्ततिस्तामौदारिकमिश्रकाययोगी सम्यक्त्वे बध्नाति" तथा बन्धस्वामित्व नामक प्राचीन तीसरे कर्मग्रन्थ में भी गाथा (२८-२९) में ७९ प्रकृतियों के ही बन्ध का विचार किया है, तथापि जानना चाहिये कि उक्त टीका, मूल कर्ता श्री देवेन्द्रसूरि की नहीं है और टीका

भावार्थ—पूर्व गाथा तथा इस गाथा में मिला कर पहले, दूसरे, चौथे और तेरहवें इन ४ गुणस्थानों में औदारिकमिश्र काययोग के बन्धस्वामित्व का विचार किया गया है, सो कार्मग्रन्थिक मत के अनुसार, क्योंकि सिद्धान्त के मतानुसार तो उस योग में और भी दो (पाँचवा, छठा) गुणस्थान माने जाते हैं। वैक्रियलब्धि से वैक्रिय शरीर का आरम्भ करने के समय अथात् पाँचवें-छठे गुणस्थान में और आहारकलब्धि

कार ने इस विषय में कुछ शङ्का-समाधान नहीं किया है इसी प्रकार प्राचीन बन्धस्वामित्व की टीका में भी श्री गोविन्दाचार्य ने भी इस विषय में कुछ शङ्का उठाई है और न समाधान ही किया है। इससे जान पड़ता है कि यह विषय यों ही बिना विशेष विचार किये परम्परा से सूत्र तथा टीका में चला आया है। इस पर कार्मग्रन्थिकों को विचार करना चाहिये। तब तक श्री जयसोमसूरि के समाधान को महत्त्व देने में कोई आपत्ति नहीं।

तिर्यञ्च तथा मनुष्य ही औदारिकमिश्रकाययोगी हैं और वे चतुर्थ गुणस्थान में क्रम से ७० तथा ७१ प्रकृतियों को यद्यपि बाँधते हैं तथापि औदारिकमिश्रकाययोग में चतुर्थ गुणस्थान के समय ७१ प्रकृतियों का बन्ध न मान कर ७० प्रकृतियों के बन्ध का समर्थन इसलिये किया जाता है कि उक्त योग अपर्याप्त अवस्था ही में पाया जाता है। अपर्याप्त अवस्था में तिर्यञ्च या मनुष्य कोई भी देवायु नहीं बाँध सकते। इससे [illegible] तथा मनुष्य की बन्ध्य प्रकृतियों में देवआयु परिगणित है पर मिश्रकाययोग की बन्ध्य प्रकृतियों में से उसको निकाल [illegible]

र आहारक शरीर को रचने के समय अर्थात् छट्ठे गुणस्थान में औदारिकमिश्रकाययोग सिद्धान्त म+ माना है।

औदारिकमिश्रकाययोग में ४ गुणस्थान मानने वाले कर्मग्रन्थिक विद्वानों का तात्पर्य इतना ही जान पड़ता है कि कार्मण शरीर और औदारिकशरीर दोनों की मदद से होने वाले योग को 'औदारिकमिश्रकाययोग' कहना चाहिये जो

+ इस मत की सूचना चौथे कर्मग्रन्थ में "सासण भावे नाणं, उब्व गाहारगे उरलमिस्सं।" गाथा ४९ वीं में है, जिस का खुलासा स प्रकार है—

"यदा पुनरौदारिकशरीरी वैक्रियलब्धिसम्पन्नो मनुष्यः पञ्चेन्द्रिय तिर्यग्योनिको वा पर्याप्तबादरवायुकायिको वा वैक्रियं करोति तदौदारिक शरीरयोग एव वर्तमान प्रदेशान् विक्षिप्य वैक्रियशरीरयोग्यान् पुद्गलान् उपादाय यावद्वैक्रियशरीरपर्याप्त्या पर्याप्तिं न गच्छति तावद्वैक्रियेण मिश्रता, व्यपदेश औदारिकस्य, प्रधानत्वात्। एवमाहारकेणापि सह मिश्रता द्रष्टव्या, आहारयति चैतेनैवेति तस्यैव व्यपदेश इति।"

अर्थात् औदारिकशरीर वाला—वैक्रियलब्धिधारक मनुष्य, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च या बादरपर्याप्त वायुकायिक जिस समय वैक्रिय शरीर रचता है उस समय वह, औदारिक शरीर में रहता हुआ अपने प्रदेशों को फैला कर, और वैक्रिय शरीर योग्य पुद्गलों को लेकर जब तक वैक्रिय शरीर पर्याप्ति को पूर्ण नहीं करता है, तब तक उसके औदारिक काययोग को वैक्रियशरीर के साथ मिश्रता है, परन्तु व्यवहार औदारिक को लेकर औदारिक मिश्रता का करना चाहिये, क्योंकि उसी की प्रधानता है। इसी प्रकार आहारक शरीर करने के समय भी उसके साथ औदारिक काययोग की मिश्रता का जान लेना चाहिये।

पहले, दूसरे, चौथे और तरहवें इन ४ गुणस्थानों ही मे पाया जा सकता है।' पर सैद्धान्तिकों का आशय यह है कि जिस प्रकार कार्मण शरीर को लेकर औदारिक मिश्रता मानी जाती है, इसी प्रकार लब्धिजन्य वैक्रियशरीर या आहारक शरीर के साथ भी औदारिक शरीर की मिश्रता मान कर औदारिकमिश्र काययोग मानने मे कुछ बाधा नहीं है।

कार्मणकाययोग वाले जीवों में पहला, दूसरा, चौथा और तेरहवा ये ४ गुणस्थान पाये जाते हैं। इनमें से तेरहवा गुणस्थान केवलसमुद्घात के तीसरे, चौथे और पांचवें समय में केवलि भगवान् को होता है। शेष तीन गुणस्थान अन्य जीवों को अन्तराल गति के समय तथा जन्म के प्रथम समय में होते हैं।

कार्मण काययोग का बन्धस्वामित्व, औदारिकमिश्रकाययोग के समान है, पर इसमें तिर्यञ्चआयु और मनुष्यआयु का बन्ध नहीं हो सकता। अतएव इसमे सामान्यरूप से ११२, पहले गुणस्थान मे १०७, दूसरे में ९४, चौथे मे * ७५ और तेरहवे गुणस्थान मे १ प्रकृति का बन्ध होता है।

* यद्यपि कार्मण काययोग का बन्धस्वामित्व औदारिकमिश्रकाययोग के समान कहा गया है और चतुर्थ गुणस्थानमें औदारिकमिश्रकाययोग मे ७५ प्रकृतियों के बन्ध पर शंका उठा कर ७० प्रकृतियों के बन्ध का समर्थन किया गया है तथापि कार्मणकाययोग में चतुर्थ गुण

आहारक काययोग और आहारकमिश्रकाययोग दोनों
छट्ठे ही गुणस्थान में पाये जा सकते हैं, इसलिये उनमें उस
गुणस्थान की बन्ध-योग्य ६३ † प्रकृतियों ही का बन्धस्वामित्व
दिखाया गया है ॥ १५ ॥

पान के समय पूर्वोक्त शंका समाधान की कोई आवश्यकता नहीं, क्यों
कि औदारिकमिश्रकाययोग के अधिकारी तिर्यंच तथा मनुष्य ही हैं
जो कि मनुष्य द्विक आदि ५ प्रकृतियों को नहीं बांधते, परन्तु कार्मणकाय
योग के अधिकारी मनुष्य तथा तिर्यञ्च के अतिरिक्त देव तथा नारक भी
हैं जो कि मनुष्य द्विक से लेकर वज्रऋषभनाराचसंहनन तक ५ प्रकृतियों
को बांधते हैं। इसीसे कार्मण काययोग की चतुर्थ गुणस्थान सम्बन्धिनी
बन्ध्य ७५ प्रकृतियों में उक्त पांच प्रकृतियों की गणना है।

† यथा — "तेवट्ठाहारदुगे जहा पमत्तस्स" इत्यादि।
[प्राचीन बन्धस्वामित्व गा० ३२]

किन्तु आहारकमिश्रकाययोग में देवआयु का बन्ध गोम्मटसार
नहीं मानता, इससे उसके मतानुसार उस योग में ६२ प्रकृतियों ही का
बन्ध होता है। यथा —

"छट्ठगुणं वाहारे, तम्मिस्से णत्थि देवाऊ।"
[कर्मकाण्ड गा० ११८]

अर्थात् आहारक काययोग में छट्ठे गुणस्थान की तरह बन्धस्वामित्व
है, परन्तु आहारकमिश्रकाययोग में देवायु का बन्ध नहीं होता।

सुरओहो, वेउव्वे, तिरियनराउ रहिओ य तम्मिस्से।
वेयतिगाइम बियतिय-कसाय नवदुचउपचगुणे ॥ १६ ॥
सुरौघो वैक्रिये तिर्यग्नरायूरहितश्च तन्मिश्रे।
वेद त्रिकादिमद्वितीयतृतीयकषाया नवद्विचतुःपञ्चगुणे ॥ १६ ॥

अर्थ—वैक्रिय काययोग में देवगति के समान बन्धस्वामित्व है। वैक्रियमिश्रकाययोग में तिर्यंच-आयु और मनुष्य-आयु के सिवाय अन्य सब प्रकृतियों का बन्ध वैक्रिय काययोग के समान है। (वेद और कषाय मार्गणा का बन्धस्वामित्व) तीन वेद में ६ गुणस्थान हैं। आदिम—पहले ४ अनन्तानुबन्धी कषायों में पहला दूसरा दो गुणस्थान हैं। दूसरे—अप्रत्याख्यानावरण-कषायों में पहिले ४ गुणस्थान हैं। तीसरे—प्रत्याख्यानावरण-कषायों में पहिले ५ गुणस्थान हैं ॥ १६ ॥

भावार्थ—वैक्रिय काययोग। इसके अधिकारी देव तथा नारक ही हैं। इससे इसमें गुणस्थान देवगति के समान ४ माने हुए हैं और इसका बन्धस्वामित्व भी देवगति के समान ही अर्थात् सामान्यरूप से १०४, पहले गुणस्थान में १०३, दूसरे में ९६, तीसरे में ७० और चौथे में ७२ प्रकृतियों का है।

वैक्रियमिश्रकाययोग। इसके स्वामी भी देव तथा नारक ही हैं, पर इसमें आयु का बन्ध असम्भव है, क्योंकि यह योग अपर्याप्त अवस्था ही में देवों तथा नारकों को होता है। लेकिन देव तथा नरक पर्याप्त ... ६ महीने

प्रमाण आयु बाकी रहने पर ही, आयु-बन्ध करते हैं। इसीसे इस योग में तिर्यञ्चआयु और मनुष्यआयु के सिवाय अन्य सब प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व वैक्रिय काययोग के समान कहा गया है।

वैक्रियमिश्रकाययोग में वैक्रिय काययोग से एक भिन्नता और भी है। वह यह है कि उसमें चार गुणस्थान हैं पर इसमें *तीन ही, क्यों कि यह योग अपर्याप्त अवस्था ही में होता है इससे इसमें अधिक गुणस्थान असम्भव हैं। अतएव इसमें सामान्यरूप से १०२, पहले गुणस्थान में १०१, दूसरे में ९६ और चौथे में ७२ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व समझना चाहिये।

पाँचवे गुणस्थान में वर्तमान +अम्बड परिव्राजक आदि तथा छट्ठे गुणस्थान में वर्तमान विष्णुकुमार आदि मुनि वैक्रिय लब्धि के बल से वैक्रिय शरीर किया था—यह बात शास्त्र में प्रसिद्ध है। इससे यद्यपि वैक्रिय काययोग तथा वैक्रियमिश्रकाययोग का पाँचवे और छट्ठे गुणस्थान में होना सम्भव है, तथापि वैक्रियकाययोग वाले जीवों को पहले

* [प्राचीन बन्धस्वामित्व-टीका पृ० १०९]—
'मिच्छे सासाणे वा अविरयसम्मम्मि अहव गहियम्मि
जंति जिया परलोए, सेसेक्कारसगुणे मोत्तुं ॥ १ ॥
अर्थात् जीव मरकर परलोक में जाते हैं, तब वे पहले, दूसरे या चौथे गुणस्थान को ग्रहण किये हुये होते हैं, परन्तु इन तीन के सिवाय शेष ग्यारह गुणस्थानों को ग्रहण कर परलोक के लिये कोई जीव गमन नहीं करता।
+ औपपातिक सूत्र पृ० ९९।

चार ही और वैक्रियमिश्रकाययोग वाले जीवों के पहला, दूसरा और चौथा ये तीन ही गुणस्थान बतलाये गये हैं, इसका कारण यह जान पड़ता है कि 'लब्धि जन्य वैक्रियशरीर की अल्पता (कमी) के कारण उससे होने वाले वैक्रिय काययोग तथा वैक्रियमिश्रकाययोग की विवक्षा आचार्यों ने नहीं की है। किन्तु उन्हों ने केवल भव प्रत्यय वैक्रियशरीर को लेकर ही वैक्रियकाययोग तथा वैक्रियमिश्रकाययोग में क्रम से उक्त चार और तीन गुणस्थान बतलाये हैं।'

* वेद। इन में ६ गुणस्थान माने जाते हैं, सो इस अपेक्षा से कि तीनों प्रकार के वेद का उदय नववें गुणस्थान तक ही होता है, आगे नहीं। इसलिये नवों गुणस्थानों में वेद का बन्धस्वामित्व बन्धाधिकार की तरह–अर्थात् सामान्य रूप से १२०, पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे में १०१, तीसरे में ७४, चौथे में ७७, पाँचवें में ६७, छठे में ६३, सातवें में ५८, या ५६, आठवें में ५८, ५६ तथा २६ और नववें गुणस्थान में २२ प्रकृतियों का है।

---

* वद मार्गणा से लेकर आहारक मार्गणा, जो ११वीं गाथा में निर्दिष्ट है वहां तक सब मार्गणाओं में यथासम्भव गुणस्थान ही का कथन किया गया है–बन्धस्वामित्व का जुदा जुदा कथन नहीं किया है। परन्तु १९ वीं गाथा के अन्त में "नियनिय गुणोहो" यह पद है, उसकी अनुवृत्ति करके उक्त सब वेद आदि मार्गणाओं में बन्धस्वामित्व का कथन भावार्थ में कर दिया है। नियनिय गुणोहो' इस पद का मतलब यह है कि वेद आदि मार्गणाओं का अपने अपने गुणस्थानों में बन्धस्वामित्व के समान समझना।

अनन्तानुबन्धी कषाय। इनका उदय पहले, दूसरे दो गुणस्थानों ही में होता है, इसी से इनमें उक्त दो ही गुणस्थान माने जाते हैं। उक्त दो गुणस्थान के समय न तो सम्यक्त्व होता है और न चारित्र। इसीसे तीर्थंकर नामकर्म (जिस का बन्ध सम्यक्त्व से ही हो सकता है) और आहारक-द्विक (जिसका बन्ध चारित्र से ही होता है)—ये तीन प्रकृतियाँ अनन्तानुबन्धि-कषाय वालों के सामान्य बन्ध में से वर्जित हैं। अतएव वे सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में ११७ और दूसरे में १०१ प्रकृतियों को बाँधते हैं।

अप्रत्याख्यानावरण कषाय। इन का उदय ४ गुणस्थान पर्यन्त ही होने के कारण इनमें ४ ही गुणस्थान माने जाते हैं। इन कषायों के समय सम्यक्त्व का सम्भव होने के कारण तीर्थंकर नामकर्म का बन्ध हो सकता है, पर चारित्र का अभाव होने से आहारक द्विक का बन्ध नहीं हो सकता। अतएव इन कषायों में सामान्यरूप से ११८, पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे में १०१, तीसरे में ७४ और चौथे में ७७ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व समझना चाहिये।

प्रत्याख्यानावरण कषाय। ये ५ गुणस्थान-पर्यन्त उदयमान रहते हैं, इससे इनमें पाँच गुणस्थान पाये जाते हैं। इन कषायों के समय भी सर्व-विरति चारित्र न होने से आहारक-द्विक का बन्ध नहीं हो सकता, पर तीर्थंकर नामकर्म

का बन्ध हो सकता है। इसीसे इनमें भी सामान्यरूप से ११८, पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे में १०१, तीसरे में ७४, चौथे में ७७ और पाँचवे में ६७ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व जानना ॥ १६ ॥

संजलणतिगे नव दस, लोहे चउ अजइ दु ति अनाणतिगे।
बारस अचक्खुचक्खुसु, पढमा अहखाय चरमचउ ॥१७॥

सज्वलनत्रिके नव दश लोभे चत्वार्ययते द्वे त्रीण्यज्ञानत्रिके।
द्वादशाऽचक्षुश्चक्षुषोः प्रथमानि यथाख्याते चरम चत्वारि ॥१७॥

अर्थ—सञ्ज्वलन त्रिक (सञ्ज्वलन क्रोध, मान, माया) में ६ गुणस्थान हैं। सञ्ज्वलन लोभ में १० गुणस्थान हैं। (संयम, ज्ञान, और दर्शन मार्गणा का बन्धस्वामित्व)—अविरति में ४ गुणस्थान हैं। अज्ञान त्रिक में—मति अज्ञान, श्रुत अज्ञान, विभंगज्ञान में—दो या तीन गुणस्थान हैं। अचक्षुर्दर्शन और चक्षुर्दर्शन में पहिले १२ गुणस्थान हैं। यथाख्यातचारित्र में अन्तिम ४ अर्थात् ग्यारहवें से चौदहवें तक गुणस्थान हैं ॥१७॥

भावार्थ—

सञ्ज्वलन। ये कषाय ४ हैं। जिन में से क्रोध, मान और माया में ६ तथा लोभ में १० गुणस्थान हैं। इन चारों कषायों का बन्धस्वामित्व सामान्यरूप से और विशेषरूप से अपने अपने गुणस्थानों में—बन्धाधिकार के समान ही है

अविरति। इस में पहले ४ गुणस्थान हैं। जिनमें से चौथे गुणस्थान मे सम्यक्त्व होने के कारण तीर्थंकर नामकर्म के बन्ध का सम्भव है, परन्तु आहारकद्विक का बन्ध—जोकि संयम सापेक्ष है—इस में नहीं हो सकता। इसलिये अविरति में सामान्यरूप से आहारकद्विक के सिवाय ११८, पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे मे १०१, तीसरे में ७४ और चौथे में ७७ प्रकृतियों का बन्ध होता है।

अज्ञान-त्रिक। इसमें दो या तीन गुणस्थान हैं। इसलिये इसके सामान्यबन्ध में से जिननामकर्म और आहारक-द्विक, ये तीन प्रकृतियाँ कम कर दी गई हैं, जिससे सामान्यरूप से तथा पहले गुणस्थान में ११७, दूसरे में १०१, और तीसरे में ७४ प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व है।

अज्ञान-त्रिक में दो या तीन गुणस्थान ❀ माने जाने का आशय यह है कि 'तीसरे गुणस्थान में वर्तमान जीवों की दृष्टि न तो सर्वथा शुद्ध होती है और न सर्वथा अशुद्ध, किन्तु किसी अंश में शुद्ध तथा किसी अंश में अशुद्ध-मिश्र होती है। इस मिश्रदृष्टि के अनुसार उन जीवों का ज्ञान भी मिश्र-

❀ इसका और भी खुलासा चौथे कर्मग्रन्थ में २० वीं गाथा की व्याख्या में देखो।

रूप–किसी अंश में ज्ञानरूप तथा किसी अंश में अज्ञानरूप माना जाता है। *जब दृष्टि की शुद्धि की अधिकता के कारण मिश्रज्ञान में ज्ञानत्वकी मात्रा अधिक होती है और दृष्टिकी शुद्धि की कमी के कारण अज्ञानत्व की मात्रा कम, तब उस मिश्रज्ञान को ज्ञान मान कर मिश्रज्ञानी जीवों की गिनती ज्ञानी जीवों में की जाती है। अतएव उस समय पहले और दूसरे दो गुणस्थान के सम्बन्धी जीव ही अज्ञानी समझने चाहिये। पर जब दृष्टि की अशुद्धि की अधिकता के कारण मिश्रज्ञान में अज्ञानत्व की मात्रा अधिक होती है और दृष्टि की शुद्धि की कमी के कारण ज्ञानत्वकी मात्रा कम, तब उस मिश्रज्ञान को अज्ञान मान कर मिश्रज्ञानी जीवों की गिनती अज्ञानी जीवों में की जाती है। अतएव उस समय पहले, दूसरे और तीसरे इन तीनों गुणस्थानों के सम्बन्धी जीव अज्ञानी समझने चाहिये। चौथे से लेकर आगे के सब गुणस्थानों के समय सम्यक्त्व-गुण के प्रकट होने से जीवों की दृष्टि शुद्ध ही होती है–अशुद्ध नहीं, इसलिये उन जीवों का ज्ञान ज्ञानरूप ही (सम्यग्ज्ञान) माना जाता है, अज्ञान नहीं। किसी के ज्ञान की यथार्थता या अयथार्थता का निर्णय, उसकी दृष्टि(श्रद्धात्मक परिणाम)की शुद्धि या अशुद्धि पर निर्भर है।

* जो मिथ्यात्व गुणस्थान से तीसरे गुणस्थान में आता है उसकी मिश्रदृष्टि में मिथ्यात्वांश अधिक होने से अशुद्धि विशेष रहती है, और जो, सम्यक्त्व को छोड़ तीसरे गुणस्थान में आता है उसकी मिश्रदृष्टि में सम्यक्त्वांश अधिक होने से शुद्धि विशेष रहती है।

अचक्षुर्दर्शन और चक्षुर्दर्शन। इन में पहले १२ गुणस्थान हैं। इनका बन्धस्वामित्व, सामान्यरूप से या प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान है।

यथाख्यातचारित्र। इसमें अन्तिम ४ गुणस्थान हैं। उनमें से चौदहवें गुणस्थान में तो योग का अभाव होने से बन्ध होता ही नहीं। ग्यारहवें आदि तीन गुणस्थानों में बन्ध होता है, पर सिर्फ सातवेदनीयका। इसलिये इस चारित्र में सामान्य और विशेषरूप से एक प्रकृति ही का बन्धस्वामित्व समझना चाहिये ॥ १७ ॥

मणनाणि सग जयाई, समइयछेय चउ दुन्नि परिहारे।
केवलदुगि दो चरमा-ऽजयाइ नव मइसुओहिदुगे ॥ १८ ॥

मनोज्ञाने सप्त यतादीनि सामायिकच्छेदे चत्वारि द्वे परिहारे।
केवलद्विके द्वे चरमेऽयतादीनि नव मतिश्रुतावधिद्विके ॥ १८ ॥

अर्थ—मन पर्यायज्ञान में यत—प्रमत्तसंयत—आदि ७ अर्थात् छट्ठे से बारहवें तक गुणस्थान हैं। सामायिक और छेदोपस्थापनीय चारित्र में प्रमत्तसंयत आदि ४ गुणस्थान हैं। परिहारविशुद्धचारित्र में प्रमत्तसंयत आदि दो गुणस्थान हैं। केवल द्विक में अन्तिम दो गुणस्थान हैं। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, और अवधि द्विक में अयत—अविरतसम्यग्दृष्टि—आदि ६ अर्थात् चौथे से बारहवें तक गुणस्थान हैं ॥ १८ ॥

भावार्थ—

मनःपर्यायज्ञान । इसका आविर्भाव तो सातवें गुणस्थान में होता है, पर इसकी प्राप्ति होने के बाद मुनि, प्रमाद-वश छट्ठे गुणस्थान को पा भी लेता है । इस ज्ञान को धारण करने वाला, पहले पाँच गुणस्थानों में वर्तमान नहीं रहता । तथा अन्तिम दो गुणस्थानों में भी यह ज्ञान नहीं रहता, क्योंकि उन दो गुणस्थानों में क्षायिकज्ञान होने के कारण किसी क्षायोपशमिक ज्ञान का सम्भव ही नहीं है । इसलिये मनःपर्याय ज्ञान में उपर्युक्त ७ गुणस्थान माने हुये हैं । इसमें आहारकद्विक के बन्ध का भी सम्भव है । इसीसे इस ज्ञान में सामान्यरूप से ६५ और छट्ठे से बारहवें तक प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान ही प्रकृतियों का बन्धस्वामित्व समझना ।

सामायिक और छेदोपस्थापनीय । ये दो संयम छट्ठे आदि ४ गुणस्थान पर्यन्त पाये जाते हैं । इसलिये इनके समय आहारकद्विक के बन्ध का सम्भव है । अतएव इन संयमों का बन्धस्वामित्व सामान्यरूप से ६५ प्रकृतियों का और छट्ठे आदि प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान ही है ।

परिहारविशुद्धिकसंयम । इसे धारण करनेवाला सातवें से आगे के गुणस्थानों को नहीं पा सकता । इस संयमके समय यद्यपि

आहारक-द्विक* का उदय नहीं होता, पर उसके बन्ध का सम्भव है। इसलिये इसका बन्धस्वामित्व सामान्यरूप से ६५ प्रकृतियों का और विशेषरूप से बन्धाधिकार के समान—अर्थात् छठे गुणस्थान में ६३, सातवें में ५९ या ५८ प्रकृतियों का है।

केवलद्विक। इसके दो गुणस्थानों में से चौदहवें में तो बन्ध होता ही नहीं, तेरहवें में होता है पर सिर्फ सातवेदनीय का। इसलिये इसका सामान्य तथा विशेष बन्धस्वामित्व एक ही प्रकृति का है।

मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिद्विक। इन ४ मार्गणाओं में पहले तीन गुणस्थान तथा अन्तिम दो गुणस्थान नहीं होते, क्योंकि प्रथम तीन गुणस्थानों में शुद्ध सम्यक्त्व न होने से अज्ञान माना जाता है, और अन्तिम दो गुणस्थानों में ज्ञान होता है सही पर वह क्षायिक, क्षायोपशमिक नहीं। इसी कारण इनमें उपयुक्त ९ गुणस्थान माने हुये हैं। इन ४ मार्गणाओं में भी आहारकद्विक के बन्ध का सम्भव होने के कारण सामान्यरूप से ७९ प्रकृतियों का और चौथे से बारहवें तक प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान बन्धस्वामित्व जानना ॥ १८ ॥

---

* परिहारविशुद्ध संयमी को दस पूर्व का भी पूर्ण ज्ञान नहीं होता। इससे उसको आहारक द्विक का उदय असंभव है, क्योंकि इसका उदय चतुर्दशपूर्वधारी जो कि आहारक शरीर को बना सकता है—उसी को होता है।

" दो गाथाओं से सम्यक्त्व मार्गणा का बन्धस्वामित्व ।"

अडउवसमि चउ वेयगि, खइये इक्कार मिच्छतिगि देसे।
सुहुमि सठाण तेरस, आहारगि नियनियगुणोहो ॥१६॥
अष्टोपशमे चत्वारि वेदके क्षायिक एकादश मिथ्यात्वत्रिके देशे।
सूक्ष्मे स्वस्थान त्रयोदशाऽऽहारके निजनिजगुणौघ ॥ १९॥

अर्थ—उपशम सम्यक्त्व में आठ—चौथे से ग्यारहवें तक गुणस्थान हैं। वेदक (क्षायोपशमिक) में ४ गुणस्थान—चौथे से सातवें तक—हैं। मिथ्यात्व त्रिक में (मिथ्यात्व, सास्वादन और मिश्रदृष्टि में), देशविरति में और सूक्ष्मसम्पराय में अपना अपना एक ही गुणस्थान है। आहारक मार्गणा में १३ गुणस्थान हैं। वेद त्रिक से लेकर यहाँ तक की सब मार्गणाओं का बन्ध स्वामित्व अपने अपने गुणस्थान के विषय में ओघ—बन्धाधिकार के समान-है ॥१६॥

भावार्थ

उपशम सम्यक्त्व। यह सम्यक्त्व, देशविरति, प्रमत्त संयत विरति या अप्रमत्तसंयत-विरति के साथ भी प्राप्त होता है। इसी कारण इस सम्यक्त्व में चौथे से सातवें तक ४ गुणस्थान माने जाते हैं। इसी प्रकार आठवें से ग्यारहवें तक ४ गुणस्थानों में वर्तमान उपशमश्रेणीवाले जीव को भी यह सम्यक्त्व रहता है। इसलिये इसमें सब मिलाकर ८ गुणस्थान कहे

हुये हैं। इस सम्यक्त्व के समय आयु का बन्ध नहीं होता-यह बात अगली गाथा में कहा जायगी। इसमें चौथे गुणस्थान में तो देवआयु, मनुष्यआयु, दोनों का बन्ध नहीं होता और पांचवें आदि गुणस्थान में देवआयु का बन्ध नहीं होता। अतएव इस सम्यक्त्व में सामान्यरूप से ७७ प्रकृतियों का, चौथे गुणस्थान में ७५, पांचवें में ६६, छट्ठे में ६२, सातवें में ५८, आठवें में ५८ ५६-२६, नववें में २२-२१ २०-१९-१८, दसवें में १७ और ग्यारहवें गुणस्थान में १ प्रकृतिका बन्धस्वामित्व है।

वेदक। इस सम्यक्त्व का सभव चौथे से सातवें तक चार गुणस्थानों में है। इसमें आहारक द्विक के बन्ध का सभव है इसलिए इसका बन्धस्वामित्व, सामान्यरूप से ७९ प्रकृतियों का, विशेष रूप से—चौथे गुणस्थान में ७७, पाचवें में ६७, छट्ठे में ६३ और सातवें में ५९ या ५८ प्रकृतियों का है।

क्षायिक। यह चौथे से चौदहवें तक ११ गुणस्थानों में पाया जा सकता है। इसमें भी आहारकाद्विक का बन्ध हो सकता है। इसलिये इसका बन्धस्वामित्व, सामान्यरूपमें ७९ प्रकृतियों का और चौथे आदि प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान है।

मिथ्यात्व त्रिक। इसमें एक एक गुणस्थान है—मिथ्यात्व मार्गणा में पहला, सास्वादन मार्गणा में दूसरा और मिश्रदृष्टि

म तीसरा गुणस्थान है। अतएव इस त्रिक का सामान्य विशेष बन्धस्वामित्व बराबर ही है, जैसे—सामान्य तथा विशेषरूप से मिथ्यात्व में ११७, सास्वादन में १०१ और मिश्रदृष्टि में ७४ प्रकृतियों का।

देशविरति और सूक्ष्मसम्पराय। ये दो संयम भी एक एक गुणस्थान ही में माने जाते हैं। देशविरति, केवल पाँचवें गुणस्थान में और सूक्ष्मसम्पराय, केवल दसवें गुणस्थान में है। अतएव इन दोनों का बन्धस्वामित्व भी अपने अपने गुणस्थान में कहे हुये बन्धाधिकार के समान ही है अर्थात् देशविरति का बन्धस्वामित्व ६७ प्रकृतियों का और सूक्ष्मसम्पराय का १७ प्रकृतियों का है।

आहारकमार्गणा। इसमें तेरह गुणस्थान माने जाते हैं इसका बन्धस्वामित्व सामान्यरूप से तथा अपने प्रत्येक गुणस्थान में बन्धाधिकार के समान है॥ १६॥

"उपशम सम्यक्त्व के सम्बन्ध में कुछ
विशेषता दिखाते हैं —"

उवसमि वट्टंता, आउ न बंधंति तेण अजयगुणे ।
देवमणुआउहीणो, देसाइसु पुण सुराउ विणा ॥२०॥*

समुपशमे वर्तमाना आयुर्न बध्नति तेनायतगुणे ।
देवमनुजायुर्हीनो देशादिषु पुन सुरायुर्विना ॥ २० ॥

अर्थ—उपशम सम्यक्त्व मे वर्तमान जीव, आयु-बन्ध नहीं करते, इससे अयत—अविरतसम्यग्दृष्टि—गुणस्थान में देवआयु तथा मनुष्यआयु को छोड़कर अन्य प्रकृतियों का बन्ध होता है । और देशविरति आदि गुणस्थानों में देवआयु के बिना अन्य स्वयोग्य प्रकृतियों का बन्ध होता है ।

भावार्थ—अन्य सम्यक्त्वों की अपेक्षा औपशमिक सम्यक्त्व में विशेषता यह है कि इसमें वर्तमान जीव के अन्य-

* इस गाथा के विषय को स्पष्टता के साथ प्राचीन बन्धस्वामित्व में इस प्रकार कहा है —

"उवसम्मे वट्टंता, चउण्हमिक्कंपि आउयं नय ।
बंधंति तेण अजया, सुरनर आऊहिं ऊणाउ ॥ ५१ ॥

भाषा देस ... सुराउहीणो उ जाव उवसंतो ' इत्यादि । ...

वसाय ऐसे ही नहीं होते, जिनसे कि आयु-बन्ध किया
सके। अतएव इस सम्यक्त्व के योग्य ८ गुणस्थान
पिछली गाथा में कहे गये हैं उनमें से चौथे से सातवें तक
गुणस्थानों में—जिनमें कि आयु-बन्ध का सम्भव है—आयु-बन्ध
नहीं होता।

चौथे गुणस्थान में उपशम सम्यक्त्वी को देवआयु, मनुष्य
आयु दो का वर्जन इसलिये किया है कि उसमें उन
आयुओं के ही बन्ध का सम्भव है, अन्य आयुओं के बन्ध

---

* उपशम सम्यक्त्व दो प्रकार का है—पहले प्रकार का ग्रन्थि
भेद जो पहले पहल अनादि मिथ्यात्वी को होता है। दूसरे प्रकार
उपशमश्रेणि में होने वाला, जो आठवें से ग्यारहवें तक ४ गुणस्थान
में पाया जा सकता है। पिछले प्रकार के सम्यक्त्व-सम्बन्धी गुणस्थान
में तो आयु का बन्ध सर्वथा वर्जित है। रहे पहले प्रकार के सम्यक्त्व-
सम्बन्धी चौथे से सातवें तक ४ गुणस्थान। सो उनमें भी औपशमिक
सम्यक्त्वी आयु-बन्ध नहीं कर सकता। इसमें प्रमाण यह पाया जाता
है—

अणबन्धोदयमाउगबन्धं कालं च सासणो कुणइ।
उवसमसम्मद्दिट्ठी चउण्हमिक्कंपि नो कुणई॥ १॥

अर्थात् अनन्तानुबन्धी कषाय का बन्ध उसका उदय, आयु
बन्ध और मरण—इन ४ कार्यों को सास्वादन सम्यग्दृष्टि कर सकता
पर इन में से एक भी कार्य को उपशम सम्यग्दृष्टि नहीं कर सकता।

इस प्रमाण से यही सिद्ध होता है कि उपशम सम्यक्त्व के स
आयु-बन्ध-योग्य परिणाम नहीं होते।

य नहीं, क्योंकि चौथे गुणस्थान में वर्तमान देव तथा नारक, मनुष्यआयु को ही बांध सकते हैं और तिर्यञ्च तथा मनुष्य, देवआयु को ही।

उपशम सम्यक्त्वी के पांचवें आदि गुणस्थानों के बन्ध में मनुष्यआयु को छोड़ दिया है। इस का कारण यह है कि उन गुणस्थानों में केवल देवआयु के बन्ध का सम्भव है, क्योंकि पांचवें गुणस्थान के अधिकारी तिर्यञ्च तथा मनुष्य ही हैं और छठे सातवें गुणस्थान के अधिकारी मनुष्य ही हैं, जो केवल देवआयु का बन्ध कर सकते हैं ॥ २० ॥

"दो गाथाओं में लेश्या का बन्धस्वामित्व।"

ओहे अट्ठारसय, आहारदुगूण-माइलेसतिगे।
तं तित्थोण मिच्छे, साणाइसु सव्वहिं ओहो ॥ २१ ॥

ओघेऽष्टादशशतमाहारकद्विकोनमादिलेश्या त्रिके।
तत्तीर्थोनं मिथ्यात्वे सासादनादिषु सर्वत्रौघः ॥ २१ ॥

अर्थ—पहली तीन—कृष्ण, नील, कापोत—लेश्याओं में आहारक द्विक को छोड़, १२० में से शेष ११८ प्रकृतियों का ओघ-सामान्य-बन्धस्वामित्व है। मिथ्यात्व गुणस्थान में तीर्थंकर नामकर्म के सिवाय ११८ में से शेष ११७ का बन्धस्वामित्व है। और सास्वादन आदि अन्य सब—दूसरा, तीसरा, चौथा तीन—गुणस्थानों में ओघ (बन्धाधिकार के समान) प्रकृति बंध है ॥ २१ ॥

भावार्थ—लेश्यायें ६ हैं —(१) कृष्ण, (२) नील, (३) कापोत, (४) तेज, (५) पद्म और (६) शुक्ल।

कृष्ण आदि तीन लेश्यावाले आहारक द्विक को इस कारण बांध नहीं सकते कि वे *अधिक से अधिक छ गुणस्थानों में वर्तमान माने जाते हैं, पर आहारकद्विक का बंध सातवें के सिवाय अन्य गुणस्थानों में नहीं होता। अत एव वे सामान्यरूप से ११८ प्रकृतियों के, पहले गुणस्थान में तीर्थंकर नामकर्म के सिवाय ११७ प्रकृतियों के, दूसरे में १०१, तीसरे में ७४ और चौथे में ‡ ७७ प्रकृतियों के बंधाधिकारी हैं ॥ २१ ॥

---

* 'अधिक से अधिक' कहने का मतलब यह है कि यद्यपि इस कर्मग्रन्थ (गाथा २४) में कृष्ण आदि तीन लेश्यावाले, ४ गुणस्थानों ही के अधिकारी माने गये हैं, पर चौथे कर्मग्रन्थ (गाथा २१) में उन्हें ६ गुणस्थान के अधिकारी बतलाया है।

‡ चौथे गुणस्थान के समय कृष्ण आदि तीन लेश्याओं में ७७ प्रकृतियों का बंधस्वामित्व 'साणाइसु सव्वहिं ओहो' इस कथन से माना हुआ है।

इसका उल्लेख प्राचीन बंधस्वामित्व में स्पष्टरूप से है —

'सुरनरआउयसहिया, अविरयसम्माउ होंति नायव्वा।
तित्थयरेण जुया तह, तेऊलेस परं वोच्छं ॥ ४२ ॥'

इससे यह बात स्पष्ट है कि उक्त ७७ प्रकृतियों में मनुष्य आयु की तरह देव आयु की गिनती है। गोम्मटसार में बन्धोदयसत्वाधिकार की गाथा ११६ वीं में वेद-मार्गणा से लेकर आहारक-मार्गणा पर्यन्त सब मार्गणाओं का बंधस्वामित्व, गुणस्थान के समान कहा है

तऊ नरपनवूणा, उज्जोयचउ नरयवार विणु सुक्का ।
विणु नरयवार पम्हा, अजिणाहारा इमा मिच्छे ॥२२॥

तेजोनरकनवोना उद्योतचतुर्नरकद्वादश विना शुक्ला ।
विना नरकद्वादश पद्मा अजिनाहारका इमा मिथ्यात्वे ॥२२॥

न मार्गणाओं में लेश्या मार्गणा का समावेश है। इससे कृष्ण आदि न लेश्याओं का चतुर्थ गुणस्थान-सम्बन्धी ७७ प्रकृतियों का बन्धस्वामि , गोम्मटसार का भी अभिमत है। क्योंकि उसके बन्धोदयसत्त्वा कार की गा० १०३ में चौथे गुणस्थान में ७७ प्रकृतियों का बन्ध स्पष्ट म माना हुआ है।

इस प्रकार कृष्ण आदि तीन लेश्या के चतुर्थ गुणस्थान सम्बन्धी स्वामित्व के विषय में कर्मग्रन्थ और गोम्मटसार (कर्मकाण्ड) दोनों का कोई मतभेद नहीं है।

परन्तु इस पर श्री जीवविजयजी ने और श्री जयसोमसूरि ने गाथा के अपने अपने टबे में एक शंका उठाई है, वह इस प्रकार है –

"कृष्ण आदि तीन लेश्यावाले, जो चौथे गुणस्थान में वर्तमान इन को देव आयु का बन्ध माना नहीं जा सकता, क्योंकि श्री भगवती सिद्धान्त शतक ३० के पहले उद्देश में कृष्ण-नील कापोत लेश्या वाले, जो सम्यक्त्वी हैं उनके आयु-बन्ध के सम्बन्ध में श्रीगौतम स्वामी के प्रश्न पर भगवान महावीर ने कहा है कि–'कृष्ण आदि तीन लेश्या वाले सम्यक्त्वी, मनुष्य आयु ही को बांध सकते हैं, अन्य आयु नहीं।' उसी उद्देश में श्रीगोतम स्वामी के अन्य प्रश्न का उत्तर देते भगवान् ने यह भी कहा है कि–'कृष्ण आदि तीन लेश्यावाले तिर्यञ्च मनुष्य, जो सम्यक्त्वी हैं वे किसी भी आयु को नहीं बांधते।' प्रश्नोत्तर का सारांश इतना ही है कि उक्त तीन लेश्यावाले सम्य देवों को मनुष्य आयु का बन्ध होता है, अन्य आयुओं का नहीं,

